

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



बड़े मियां छोटे मियां के सेट पर टाइगर श्रॉफ ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

रविवार, 19 फरवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 60 | पृष्ठ 8 | आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## निक्की मर्डर केस में हुआ बड़ा खुलासा, आरोपी साहिल के परिवार को थी दोनों की शादी की जानकारी

नई दिल्ली। निक्की यादव हत्याकांड मामले मे पुलिस को पता चला है कि आरोपी साहिल के परिवार को निक्की के साथ हुई उसकी शादी के बारे में पूरी जानकारी थी। इस मामले में पुलिस कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में सामने आया है को साहिल, उसका परिवार और उसके दोस्त भी इस साजिश में शमील थे। मामले की जांच में जुटी दिल्ली पुलिस की टीम ने ये जानकारी दी है। पुलिस ने साहिल और उसके पिता, उसके भाई और दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। सभी पर हत्या की साजिश रचने के लिए आईपीसी की धारा 120बी के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक दिल्ली पुलिस की टीम को पता चला है कि साहिल निक्की से शादी कर चुका था। दोनों ने वर्ष 2020 अक्टूबर में शादी की थी। दोनों की शादी आर्य समाज मंदिर में हुई थी, जिसका मैरिज सर्टिफिकेट भी पुलिस को साहिल के घर से मिला है। दरअसल साहिल का परिवार दोनों की शादी से खुश नहीं था इस लिए उसकी दूसरी शादी करवाई गई थी। लड़की के परिवार को नहीं साहिल की शादी की जानकारीः जांच में सामने आया है की साहिल के परिवार ने निक्की से शादी की बात इस लड़की के घरवालों से भी छुपाई जिससे साहिल की 10 फरवरी को हुई थी। उस लड़की और



उसके परिवार से झूठ बोलकर साहिल के परिवार ने उसकी शादी दोबारा की थी। बता दें कि साहिल ने 10 फरवरी को शादी की थी। इससे पहले 9 फरवरी को उसकी घरवाली को पसंद की लड़की से सगाई हुई थी। साहिल ने पूछताछ में बताया है कि निक्की को लेकर उसके घरवाले खुश नहीं थे। उसपर लगातार शादी के लिए दबाव डाला जा रहा था इसलिए साहिल ने थक कर शादी के लिए हा की थी। इसके साथ ही निक्की को भी रास्ते से हटाने का फैसला किया गया था। जिसके लिए साहिल, उसके परिवार वाले और उसके दोस्त भी साजिश में शामिल हुए थे।

पुलिस ने दिया ये बयानः विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र यादव ने कहा कि गहलोत के पिता वीरेंद्र सिंह, दो भाई (रिश्ते के) आशीष एवं नवीन तथा साहिल के दो दोस्तों अमर और लोकेश से गहन पूछताछ की गई और हत्या के संबंध में उनकी भूमिका की पुष्टि एवं पता लगने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल नवीन मुख्य आरोपी साहिल गहलोत का रिश्तेदार है। गहलोत पहले से ही पुलिस हिरासत में है और उससे गहन पूछताछ की गई है। गिरफ्तारी के बाद उसने अपनी कथित प्रेमिका निक्की यादव की हत्या की बात कबूल की, क्योंकि वह उस पर शादी करने का दबाव बना रही थी। पुलिस के मुताबिक, दोनों ने 2020 में ही शादी कर ली थी। विशेष आयुक्त ने कहा कि वह वास्तव में उसकी पत्नी थी और 'लिव–इन पार्टनर' नहीं। विशेष आयुक्त ने कहा कि इसलिए वह उससे अनुरोध कर रही थी कि वह उसके परिवार द्वारा 10 फरवरी को किसी अन्य महिला के साथ तय की गई शादी नहीं करे। पुलिस के अनुसार जब गहलोत निक्की यादव को उक्त महिला से अपनी शादी के लिए राजी नहीं कर सका, तो उसने उसे मारने की साजिश रची और अन्य लोगों को भी इसमें शामिल कर लिया। अधिकारी ने कहा कि इसके बाद साहिल गहलोत ने अपनी साजिश को अंजाम दिया और उसकी हत्या कर दी और अन्य सह–आरोपी व्यक्तियों को उसी दिन यानी 10 फरवरी को इसके बारे में सूचित किया और फिर वे सभी विवाह समारोह में शामिल हुए। पुलिस ने कहा कि प्राथमिकी में आपराधिक साजिश रचने, सबूत नष्ट करने और अपराधी को शरण देने सहित कई अन्य आरोप जोड़े गए हैं। इस घटना के बारे में जानकारी इसके घटित होने के चार दिन बाद 14 फरवरी को 'वेलेंटाइन डे' पर सामने आई थी जब गहलोत ने पुलिस हिरासत में अपना अपराध कबूल कर लिया और पुलिस ने उस होटल के फ्रिज से शव बरामद किया जहां उसे रखा गया था।

## मनरेगा के लिए धन आवंटन कम नहीं हुआ है : सीतारमण

भुवनेश्वर। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के लिए धन आवंटन कम नहीं हुआ है। यह एक मांग संचालित योजना है और जब मांग बढ़ती है, तो केंद्र धन प्रदान करता है। बजट के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा, बजट आवंटन एक बात है.. और यह योजना अपने आप में एक मांग आधारित योजना है, जब भी मांग बढ़ती है, हम इसके लिए धन उपलब्ध कराते हैं। यह 2014 के बाद से पिछले वर्षों में किया गया है। उन्होंने कहा, यदि आप पिछले वर्षों में देखें, तो हमने मनरेगा के लिए पूरक बजट में कुछ पैसे जोड़े हैं। यहां तक कि कोविड महामारी के दौरान भी योजना के लिए आवंटन 1 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया था। विशेष रूप से, 2022–2023 के बजट अनुमान (बीई) में 73,000 करोड़ रुपये के आवंटन के मुकाबले, वर्तमान आवंटन को घटाकर 60,000 करोड़ रुपये कर दिया गया था। गेहूं और चावल की खरीद के लिए फंडिंग पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने इसे बिल्कुल भी कम नहीं किया है। सीतारमण ने कहा कि किसानों को दी गई कुल राशि बहुत अधिक है क्योंकि न्यूनतम बिक्री मूल्य बढ़ गया है। उन्होंने कहा, खरीद पर खर्च की गई कुल राशि अब तक के उच्चतम स्तर पर है। आप सुनिश्चित कर सकते हैं कि इन आंकड़ों में कोई कमी नहीं आ रही है। मंत्री ने यह भी कहा कि आयुष्मान भारत योजना के लिए धन की कोई कमी नहीं है। वित्त मंत्री ने ऊर्जा सुरक्षा और संक्रमण के लिए बजट में किए गए 35,000 करोड़ रुपये के आवंटन को स्पष्ट करते हुए कहा कि ऊर्जा सुरक्षा और संक्रमण के लिए आवंटित धन कोई सब्सिडी नहीं है। यह जीवाश्म ईंधन से हरित ऊर्जा में संक्रमण के लिए है। उन्होंने कहा कि फंड सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी रिफाइनरियों को उनके उत्सर्जन को कम करने के लिए अपग्रेड करने और यह सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है कि हमारे रणनीतिक भंडार पर्याप्त रूप से भरे हुए हैं। अडानी समूह की कंपनियों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निवेश के बारे में पूछे जाने पर, सीतारमण ने कहाः एसबीआई पहले ही अपने जोखिम पर एक बयान दे चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) केंद्र को प्रत्येक मामले की रिपोर्ट नहीं करता है। मामले की आज अदालत में सुनवाई हो रही है, इसलिए शायद मेरे लिए टिप्पणी करना सही नहीं होगा। इस बीच, वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लिए इस बजट में सांकेतिक राशि का प्रावधान किया गया है क्योंकि यह योजना अपनी पूर्णता पर पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव तुहिन कांता पांडेय ने कहा कि केंद्रीय पीएसयू नाल्को को विनिवेश के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है।



## शिवसेनां का चुनाव चिन्ह छीनने के बाद उद्धव ठाकरे का आया बयान, कहा 'धनुष-बाण' चिह्व चुरा लिया गया, चोर को सबक सिखाना जरूरी

मुंबई। शिवसेना(यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए अपने समर्थकों से कहा कि पार्टी का 'धनुष–बाण' चिह्न चुरा लिया गया है और चोर को सबक सिखाने की जरूरत है। उद्धव पार्टी के नेताओं के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करने से पहले यहां बांद्रा स्थित अपने आवास 'मातोश्री' के बाहर समर्थकों को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने शुक्रवार को 'शिवसेना' नाम और 'धनुष–बाण' चिह्न शिंदे नीत खेमे को आवंटित कर दिया।



यह पहला मौका है, जब ठाकरे परिवार ने पार्टी पर अपना नियंत्रण खो दिया है, जिसकी स्थापना बाल ठाकरे ने 1966 में की थी। उद्धव ने कहा, ''धनुष–बाण (चिह्न) चुरा लिया गया है। चोर को सबक सिखाने की जरूरत है। वे पकड़े गये हैं। मैं चोर को धनुष–बाण के साथ मैदान में आने की चुनौती देता हूं और हम इसका मुकाबला मशाल से करेंगे।'' उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने पिछले साल उद्धव नीत खेमे को मशाल चिह्न आवंटित किया गया था।

काफी संख्या में उद्धव के समर्थक मातोश्री के बाहर एकत्र हुए और शिंदे के विरोध में तथा अपने नेता (उद्धव के) समर्थन में नारे लगाये। एक सूत्र ने बताया कि उद्धव ने अपनी पार्टी के नेताओं से राज्य का दौरा करने और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने को कहा।

## गर्मी ने शुरू किया सितम बरसाना, बाड़मेर में पारा 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा

जयपुर। राजस्थान में सर्दी की विदाई होते ही गर्मी ने अब अपना जोर दिखाना शुरू कर दिया है जहां सीमावर्ती बाड़मेर में पारा 37 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। मौसम विभाग का कहना है कि राज्य में तापमान सामान्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया गया है। विभाग के अनुसार, उत्तरी अरब सागर एवं आसपास के गुजरात क्षेत्र के ऊपर एक प्रति चक्रवाती तंत्र विकसित होने से पिछले दिनों में राज्य में तापमान अचानक बढ़ा है। मौसम केंद्र जयपुर के आंकड़ों के अनुसार, बीते चौबीस घंटे में सबसे अधिक तापमान सीमावर्ती बाड़मेर में 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 8.8 डिग्री अधिक है। वहीं बीकानेर में यह 36.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 10.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। इसी तरह अधिकतम तापमान जोधपुर में 36.5 डिग्री, फलौदी में 36.2 डिग्री, जैसलमेर में 35.5 डिग्री, डूंगरपुर में 35 डिग्री व चुरू में 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि अभी फागुन महीने का कृष्ण पक्ष चल रहा है और इस दौरान आमतौर पर तापमान अचानक एवं इतना अधिक नहीं बढ़ता है।



## दिल्ली मेयर चुनाव की तारीख आई सामने

### इस दिन मिलेगा नया महापौर, एससी के आदेश के बाद आया फैसला

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम को नया महापौर 22 फरवरी को मिलेगा। इस चुनाव की तारीख का ऐलान हो गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा आदेश पारित होने के बाद ये फैसला किया गया है। महापौर चुनाव तारीखों का ऐलान किए जाने के बाद आम आदमी पार्टी को बड़ी राहत मिली है। अब दिल्ली नगर निगम का चुनाव 22 फरवरी की सुबह 11 बजे होगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को चिट्ठी लिखकर सिफारिश की थी कि चुनाव 22 फरवरी को करवाए जाएं। इसे मंजूरी मिल गई है हालांकि इस मंजूरी के लिए दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट की छाया में जाना पड़ा था। गौरतलब है कि कई रुकावटों के बाद अब दिल्ली नगर निगम चुनाव करने की तारीख सामने आ गई है। कोर्ट के दखल के बाद आदेशः बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली मेयर चुनाव कराने की मांग वाली आम आदमी पार्टी (आप) की याचिका पर 17 फरवरी को सुनवाई की थी। मनोनीत सदस्यों को मतदान करने की अनुमति देने के सवाल पर आप और भाजपा सदस्यों के बीच सहमति नहीं बन पाने के कारण सदन में हंगामे के बाद तीन पूर्व अवसरों पर इस पद के लिए चुनाव में देरी हुई है। वहीं अब पूरे मामले में आम आदमी पार्टी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर बड़ा फैसला देते हुए कहा कि मेयर चुनाव में राज्यपाल द्वारा मनोनीत 10 पार्षद (एल्डरमैन) वोट नहीं करेंगे। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 17 फरवरी को आदेश दिया था कि महापौर चुनाव कराने के लिए 24 घंटे के भीतर घोषणा की जाए। इस मामले पर भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआइ) डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ ने सुनवाई की थी। इससे पहले 16 फरवरी को चुनाव होने थे। पीठ ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि उपराज्यपाल द्वारा एमसीडी में नामित सदस्य महापौर का चुनाव करने के लिए मतदान में भाग नहीं ले सकते हैं और न ही मतदान कर सकते हैं। बता दें कि नगर निगम की बैठक में तीन बार महापौर का चुनाव होना असफल हो चुका है। इस संबंध में आम आदमी पार्टी और बीजेपी ने दिल्ली में एक–दूसरे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी कर चुकी है। 4 दिसंबर को हुए नगरपालिका चुनावों के बाद तीसरी बार बुलाई गई सदन की कार्यवाही बाधित हो गई क्योंकि आप सदस्यों ने एल्डरमैन के लिए मतदान के अधिकार को लेकर भारी विरोध प्रदर्शन किया।



## कोयला घोटाले की आय को छिपाने के लिए रियल एस्टेट, फिल्म निर्माण सहित अपनाए गए अन्य रास्ते : ईडी

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), जिसने 8 फरवरी को एक व्यवसायी के कार्यालय से 1.40 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी बरामद करके पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के मवेशी तस्करी घोटाले में चल रही जांच को नए सिरे से आगे बढ़ाया है, ने इस मामले में कई रियल एस्टेट विकास एजेंसियों, फिल्म प्रोडक्शन हाउस और एक गैर–सरकारी संगठन (एनजीओ) को जांच के दायरे में लाया है। जांच सूत्रों के मुताबिक, कोयला तस्करी घोटाले की जांच कर रहे अधिकारियों ने शहर के दो व्यवसायियों के खातों की जांच की है। इसमें उनके कई व्यापारिक लेनदेन सामने आए हैं। हालांकि ईडी इन जुड़ी हुई रियल एस्टेट और फिल्म निर्माण इकाइयों के साथ–साथ एनजीओ के नामों का खुलासा नहीं कर रहा है, लेकिन केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने एक के बाद एक उनके सहयोगियों को बुलाने और उनसे पूछताछ करने का फैसला किया है। हाल ही में रिलीज हुई एक बांग्ला फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी भी ईडी के जांच के घेरे में है। कोलकाता के जिन दो कारोबारियों से ईडी ने पूछताछ की, उनमें से एक गजराज ग्रुप के मालिक बिक्रम सिकारिया हैं, जिनके दक्षिण कोलकाता के अर्ल स्ट्रीट स्थित कार्यालय से केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने 8 फरवरी को 1.40 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी बरामद की थी। अगले ही दिन, केंद्रीय एजेंसी ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति जारी कर दावा किया था कि जब्त की गई नकदी बेहिसाब थी और सालासर गेस्ट हाउस नामक संपत्ति के लिए लगभग 9 करोड़ रुपये के नकद भुगतान का हिस्सा एक कम कीमत पर देखा गया।






## पीएफआई पर नकेल कसेगी एनआईए, जयपुर-कोटा समेत सात ठिकानों पर छापेमारी

राजस्थान के कई शहरों में राष्ट्रीय जांच एजेंसी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर नकेल कसने के लिए ताबड़तोड़ हमले कर रही है। पीएफआई के सात ठिकानों पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने कार्रवाई की है। इस संबंध में कार्रवाई 18 फरवरी की सुबह से की जा रही है। जयपुर, बूंदी, सवाई माधोपुर, कोटा आदि में ये कार्रवाई की जा रही है, जिसमें पीएफआई के अधिकारियों के घरों पर भी छापेमारी हो रही है।

बता दें कि एनआईए ने छापेमारी से पहले पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर छ०। की चल रही कार्रवाई के तहत तीन आरोपियों की गिरफ्तारी राजस्थान से की थी। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान





मोहम्मद सोहेल के तौर पर हुई थी। एनआईए ने सोहेल को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उस पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने की साजिश का भी आरोप लगा था। इससे पहले पीएफआई के जयपुर स्थित ठिकानों पर पदाधिकारियों के घर पर भी एनआईए की टीम छापेमारी कर चुकी है। इस दौरान टीम को कई आपत्तिजन सामग्री बरामद हुई थी, जिसे कब्जे में लिया गया था। बता दें कि इसी कड़ी में 18 फरवरी को भी कार्रवाई हो रही है। गौरतलब है कि पीएफआई केंद्र सरकार द्वारा बैन किया जा चुका है। इस संगठन को कई राज्यों द्वारा बैन करने की मांग की गई थी, जिसके बाद सरकार ने ये कदम उठाया था। गृह मंत्रालय ने इस संगठन को पांच वर्षों के लिए प्रतिबंधित किया है।

### पहले भी हुई है गिरफ्तारी

जानकारी के मुताबिक एनआईए ने इस मामले में सादिक सर्राफ और आरोपी मोहम्मद आसिफ को गिरफ्तार किया था। इन पर एनआईए मुख्यालय नई दिल्ली में 19 सितंबर 2022 को मामला दर्ज किया गया था। विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच नफरत को बढ़ावा देने और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के मामलों एनआईए लगातार कार्रवाई कर रही है। बता दें कि बीते महीने भी एनआईए ने नौ जगहों पर छापेमारी की थी।

# किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन

## भाकियू प्रतिनिधि मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा 10 सूत्रीय ज्ञापन

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक राजनैतिक के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्वांचल प्रभारी देव नारायण सिंह का जिला अध्यक्ष अरविंद यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया स्वागत करने वालों में वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद जगतपाल सिंह महानगर अध्यक्ष अजय यादव महासचिव जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम सदर तहसील के तिकोनिया पार्क में भव्य स्वागत किया गया। किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अरविंद यादव के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधि मंडल जनपद सिटी मजिस्ट्रेट को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया स ज्ञापन में मुख्य रूप से गन्ना किसानों की मूल्य वृद्धि गन्ने के दाम में तथा 2017 से सर्किल रेट बढ़ाने को लेकर माझा तिहुरा और माझा बरहटा के किसानों की समस्याओं का मुद्दा उठाया गया ।

जिलाधिकारी से मांग की गई कि छुट्टा जानवरों को गौशाला बना करके उनको रखा जाए जिससे किसानों की फसलों का बचाव हो सके स किसानों की जमीनों का पड़ताल करा करके घरौनी बनाकर तय समय सीमा के भीतर प्रमाण पत्र किसान भाइयों को उपलब्ध कराया जाए एवं किसानों को अच्छी फसलों की उन्नत किस्म के बीज सस्ते दामों में उपलब्ध कराए जाएं आदि जैसी मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष अरविंद यादव की अगवाई में मासिक पंचायत संपन्न हुई स कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन राजनैतिक के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्वांचल प्रभारी देव नारायण सिंह रहे स कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद प्रदेश सचिव जगत पाल सिंह महानगर अध्यक्ष यादव अजय यादव महासचिव जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने पुराने साथियों का माला टोपी पहना कर स्वागत और अभिनंदन किया स अवधेश कुमार राम सिंगार यादव दिलीप यादव गुरु प्रसाद सिंह जग जीवन सिंह राजेंद्र सिंह शेर सिंह चंद्रभान सिंह सीताराम पाल जेपी किसान विनोद सिंह अतुल कुमार सिंह राजेश रावत मंगरु राम नरेंद्र विश्वकर्मा राजू निषाद महिला मोर्चा जिला प्रभारी सविता मौर्या मायावती लालमति रीना देवी आदि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# फर्जी मुख्तारनामे ये बेंच दी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की जमीन

## एसएसपी से शिकायत, छह के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

अयोध्या। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और तीन बार विधायक रहे गणेश कुमार पांडेय के वंशज का फर्जी मुख्तारनामा पंजीकृत करवा इसी मुख्तारनामे के आधार पर उत्तराखंड स्थित करोड़ों की जमीन बेच दी गई। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की। शिकायत पर नगर कोतवाली पुलिस ने पति–पत्नी समेत छह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस पंजीकृत किया है। खास बात यह है कि यह वारदात भतीजे ने ही अंजाम दी। गोरखपुर जिले के खजनी थाना क्षेत्र स्थित संग्रामपुर उनवल निवासी गणेश कुमार पांडेय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और वहीं से तीन बार विधायक रहे। उनके नाम गांव क्षेत्र के अलावा उत्तराखंड के उधमसिंह नगर स्थित काशीपुर थाना क्षेत्र के हरियावाला में करोड़ों की कृषि भूमि है। शिकायतकर्ता सूर्य प्रकाश पांडेय का कहना है कि बाबा की चार फरवरी 1975 को मौत हो गई। जिसके चलते वारिस के रूप में पिता के साथ दोनों भाई जगदीश व वृंदावन पांडेय का नाम दर्ज हुआ। उनके पिता 1996 में प्राइमरी विद्यालय से अध्यापक के पद से सेवानिवृत्त हुए और आजन्म गांव पर ही रहे। पिता की मौत के बाद भतीजे राघवेंद्र पांडेय ने 16 मार्च 2000 को किसी व्यक्ति को खड़ा कर अपने नाम उप निबंधक कार्यालय फैजाबाद में कूट रचित एवं फर्जी मुख्तारनामा पंजीकृत करा लिया और इसी के आधार पर उत्तराखंड स्थित पिता के हिस्से की करोड़ों की जमीन लाखों में बेच दी। मामले की जानकारी होने पर राघवेंद्र से पूछताछ की गई तो वह गाली–गलौज करने लगा और जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़ित ने भतीजे राघवेंद्र के अलावा उसकी पत्नी प्रमिला, उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के काशीपुर थाना क्षेत्र स्थित आवास विकास कॉलोनी काशीपुर निवासी अभिनव अग्रवाल, सरकड़ी फार्म निवासी धर्मजीत सिंह, बाजपुर निवासी रामदर्शन बंसल और नैनीताल के रामनगर स्थित राममंदिर निवासी नीरज कुमार अग्रवाल को नामजद किया है। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि एसएसपी को मिली शिकायत के आधार पर नगर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी, कूटरचना, साजिश, गाली–गलौज व धमकी आदि की धारा में छह लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है। दर्ज केस की विवेचना कराई जा रही है।

# मांगो को लेकर मनरेगा मजूदरों ने किया प्रदर्शन

अयोध्या। मनरेगा मजदूर कल्याण मिशन अयोध्या इकाई के पदाधिकारियों ने सिविल लाइन तहसील स्थित तिकोनिया पार्क में अपनी कई मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जिलाध्यक्ष अशर्फीलाल वर्मा के नेतृत्व में 2 दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अशर्फीलाल वर्मा ने बताया कि हमारा 6 सूत्रीय मांग पत्र जिसमें हमारी प्रमुख मांग श्रम विभाग में मृतक श्रमिकों के परिवार वालों का लाभ करीब 2 साल से नहीं मिला है उसका तुरंत भुगतान कराया जाए इसके साथ–साथ मनरेगा व अन्य कल्याणकारी में लगे मजदूरों की पुत्रियों की शादी का अनुदान का भुगतान किया जाए ।यदि हमारी मांगे नही पूरी हुई तो हमारा संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा धरने में सम्मिलित लोग अमरदीप जिला संगठन मंत्री दीप नारायण सिंह जिला अध्यक्ष गोंडा हरिओम मौर्या सरोज गीता प्रेमा देवी पुष्पा देवी किरण देवी मिथलेश राधा प्रिंसी शीला क्रांति देवी सोना देवी विश्व वादी सुनीता गुंजन देवी जनवी देवी अन्य लोग शामिल रहे।

# ग्राम समाज की भूमि पर दबंग कर रहे कब्जा

## राजस्व कर्मियों व जालसाजी करने वाले व्यक्ति के करतूतों की मुख्यमंत्री से शिकायत

मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत इनायतनगर के राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के खाते में दर्ज भूमि को तहसील कर्मियों की मिलीभगत से विनिमय करा कर कब्जा किए जाने का मामला पूरी तरह गरमा गया है। राजस्व कर्मियों एवं जालसाज करने वाले व्यक्ति की करतूतों की शिकायत ग्राम प्रधान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करते हुए ग्राम समाज की भूमि सुरक्षित कराए जाने की गुहार की है। ग्राम पंचायत इनायतनगर की ग्राम प्रधान रेनू पत्नी भरत राम यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित किए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनके गांव के राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 879 रकबा 0.537 हेक्टेयर बंजर खाते में दर्ज है जिसमें 0.101 हेक्टेयर भूमि मिल्कीपुर निबंधक कार्यालय हेतु आरक्षित है ग्राम प्रधान का आरोप है कि गांव के ही शिवराज पुत्र विदेशी द्वारा 0.079 50 एयर पर अपना चक बनवा लिया और उक्त बावत फर्जी तौर पर शिवराज द्वारा मान्यता लगवा कर चकबंदी कर्मियों की मिलीभगत से अपना चक बनवा दिया गया है गाटा संख्या 896 शामिल जोत आबादी कई वर्षों से दर्ज चली आ रही है। गाटा संख्या 889 बंजर खाते में दर्ज है जिसमें आम, महुआ, जामुन, नीम, कैथा तथा अन्य कीमती लकड़ियों के पुराने वृक्ष मौजूद हैं। ग्राम प्रधान का आरोप है कि मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मे शिक्षक पद पर तैनात उनके गांव के एक चालबाज युवक ने तहसील के राजस्व कर्मियों को अपने प्रभाव में करके गाटा संख्या 889 में रकबा 0.079 हेक्टेयर भूमि दर्ज करा लिया है जिसकी जानकारी के बाद सिविल जज सीनियर डिविजन फैजाबाद के यहां एक मुकदमा भी लंबित है जिसमें आगामी 7 मार्च की तारीख भी सुनवाई हेतु नियत है। इधर शिवराज यादव द्वारा तहसील के क्षेत्रीय लेखपाल राजस्व निरीक्षक से सांठगांठ करके उक्त नवीन परती की भूमि पर जबरन कब्जा करना शुरू कर दिया गया है और बड़े–बड़े पुराने दरख्तों को जेसीबी से गिरवा दिया जा रहा है। ग्राम प्रधान का आरोप है कि शिकायत के बावजूद भी तहसील प्रशासन मामले में कोई कार्यवाही नहीं करना चाह रहा है। सबसे मजे की बात तो यह है कि राजस्व कर्मियों के साथ इनायत नगर थाना पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैदी से लगी हुई है। जो मौके तक किसी भी शिकायतकर्ता को फटकने नहीं दे रही है और ग्रामीणों से अभद्रता करते हुए उन्हें भगा दे रही है।

# पुरानी पेंशन बहाल कराने को लेकर हुई तैयारी बैठक

अयोध्या। पुरानी पेंशन बहाली के लिए कर्मचारियों ने कमर कस ली है। इसी संबंध में एनजेसीए (नेशनल ज्वाइंट काउंसिल फॉर एक्शन) रेलवे यूनियन और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की संयुक्त बैठक नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन संघ भवन में संपन्न हुई। इस दौरान 21 फरवरी को रेलवे परिसर में पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया, जिसमें सभी संबद्ध संगठन के पदाधिकारियों ने हजारों कर्मचारियों की उपस्थिति का आश्वासन दिया। अध्यक्षता कामरेड आर जे कनौजिया पूर्व मंडल अध्यक्ष नार्दर्न रेलवे यूनियन ने किया। सभा को कामरेड हीरालाल शाखा मंत्री रेलवे, बीबी सिंह, रमाकांत यादव, प्रदीप मिश्र,अरविंद कुमार सिंह अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद अयोध्या आदि उपस्थित रहे।

# कार से टक्कर के बाद दो पक्ष के लोग आमने सामने

जौनपुर (आरएनएस)। शहर के सिपाह पुलिस चौकी के समीप गत दिनों रात करीब दस बजे दो कारों में टक्कर हो गई। टक्कर को लेकर कार सवार दोनों पक्षों के लोग आमने–सामने आ गए। विवाद के चलते कुछ देर के लिए रात में माहौल गर्म हो गया। एक कार में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सवार थे । सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने विवाद सुलझाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाई। पुलिस चौकी में घंटे भर चली पंचायत के बाद भी मामला नहीं सुलझा। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताते है कि गोरखपुर निवासी ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी अपने परिवार के साथ मिर्जापुर गए थे। वहां से वापस लौटते समय जौनपुर–गोरखपुर मार्ग पर सिपाह पुलिस चौकी से महज पांच सौ मीटर की दूरी पर उनकी कार में एक कार की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद राजेंद्र नाथ त्रिपाठी और दूसरी कार में बैठे लोगों से विवाद हो गया। देखते ही देखते बीच सड़क पर मजमा लग गया। जानकारी पुलिस को हुई तो दोनों पक्ष को पुलिस चौकी पर बुलाया गया। वहां करीब एक घंटे तक दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौते को लेकर बात चलती रही, लेकिन मामले का हल नहीं निकला और दोनों पक्ष एक दूसरे की गलती से टक्कर होने की बात पर अडे़ रहे। उधर, रात में हुए विवाद का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# लूट और चोरी की घटनाओं से दहशत

जौनपुर । जिले में आये दिन अपराधियों से मुठभेड़ में बदमाशों के पैर में गोली लगती जा रही है लेकिन लूट, चोरी की घटनायें कम नहीं हो रही है इसकी वजह से लोगों को दहषत का माहौल है। चोरी और लूट की योजना बनाते अभियुक्त तो पकड़े जा रहे है लेकिन घटना को अंजाम देने बाद बदमाशों का फरार होना पुलिस सक्रियता पर सवाल बन जाता है। ज्ञात हों कि नेवढ़िया थाना क्षेत्र के अढ़नपुर माडल स्कूल के पास गुरूवार की रात मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के सेउर गांव निवासी रविषंकर अपनी आभूषण की दुकान बन्द कर अपने भाई राजू एवं गांव के एक अन्य व्यक्ति के साथ बाइक से घर जा रहे थे कि तीन बदमाषों ने उनकी बाइक में धक्का मार कर तीनों को गिरा दिया और असलहा दिखाकर रविषंकर से गहनों भरा बैग मारपीट कर छीन लिया तथा बाइक की चाभी और बैग लेकर फरारा हो गये। रविषंकर के अनुसार बैग में पचास ग्रामर सोने और डेढ़ किलो चांदी के जेवर थे।

सूचना देने पर पुलिस ने घेरेबन्दी किया लेकिन बदमाषों का पता नहीं लगा। इसी प्रकार मुंगराबादशाहपुर थाना के निकटे आदर्श नगर कालोनी में गुरूवार की रात कुंडी तोड़ कर घुसे चोर 50 हजार नगदी सहित करीब आठ लाख रुपए से अधिक कीमत के जेवरात उठा ले गए। आदर्श नगर कालोनी निवासी दीपक केशरी पुत्र कामता प्रसाद केशरी 16 फरवरी को दोपहर करीब 11बजे अपनी बहन के घर आयोजित एक समारोह में शामिल होने के लिए घर में ताला लगा कर सपरिवार प्रयागराज गए थे ।रात में दरवाजे की कुंडी तोड़ कर घुसे चोरों ने इत्मीनान से पूरे घर को खंगाल डाला तथा आलमारी में रखे 50 हजार नगदी सहित करीब आठ लाख रुपए से अधिक के जेवरात भी उठा ले गए। इसी क्रम में गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बमैला मोहल्ले में बुधवार की रात चोर तनवीर हसन के घर से नकदी व जेवर समेत दस लाख से अधिक का सामान उठा ले गये। परिजनों को चोरी का पता सुबह उठने पर चला। घर से कुछ दूरी पर एक लावारिस बाइक भी खड़ी मिली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर जांच की। चोर घर के पीछे से बाउंड्रीवाल पर चढ़कर घुसे और कमरे के खिड़की में लगे लोहे की जाली काटकर कमरे से बक्से व अटैची में रखा 65 हजार रुपये नकद, सोने व चांदी के जेवर और कीमती कपड़े भी उठा ले गये। भुक्तभोगी के अनुसार करीब दस लाख की चोरी हुई है।

# अपना दल कमेरावादी के पदाधिकारियों ने दिया धरना

अयोध्या। सिविल लाइन स्थित तिकोनिया पार्क में अपना दल (कमेरावादी) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया और महामहिम राज्यपाल को संबोधित अपनी 5 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से सौंपा ।अपना दल कमेरावादी के पदाधिकारी अधिवक्ता राम शिला पटेल ने बताया कि आज हमारे संगठन के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने अपनी कई मांगों को लेकर प्रदर्शन किया हमारी मांग है कि उत्तर प्रदेश में छुट्टा जानवरों से फसल को बचाने के लिए गौशाला बनाया जाए या जंगल में नैसर्गिक वातावरण तैयार कर छुट्टा जानवरों को रखा जाए इसके साथ–साथ मत्स्य पालक कृषको की भांति किसानों को भी लागत मूल्य का 40 प्रतिश अनुदान प्रदान किया जाए। किसानों को लागत मूल्य पर कृषि यंत्र, बीज,कीटनाशक बिजली तथा डीजल उपलब्ध कराया जाए, चीनी मिल द्वारा गन्ना पर्ची में सुधार किया जाए। इन सभी मांगों को लेकर हमने प्रदर्शन किया यदि हमारी मांगे पूरी नहीं होती तो ऐसे ही प्रदर्शन जारी रहेंगे प्रदर्शन में सम्मिलित लोग अरविंद पटेल जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पटेल आशीष पटेल राजपाल पटेल दयाराम पटेल अरुण कुमार पटेल विक्रम वर्मा रमाकांत गोस्वामी राम सागर पटेल विनीत पटेल विनायक पटेल सभापति यादव मनोज चौधरी आदि लोग सम्मिलित रहे।

# कॉवेन्ट से बेहतर प्रदर्शन परिषदीय विद्यालय का

जौनपुर। मुफ्तीगंज ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय तारा उमरी में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में नौनिहालों के सांस्कृतिक प्रस्तुति के उत्कृष्ट प्रतिभा की तारीफ करते हुए मुख्यअतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि विद्यालय वो जगह है जहाँ बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है, यहाँ के बच्चों की प्रस्तुति व कार्यक्रम का संचालन कर रही बच्ची की प्रतिभा को देखकर लगता है कि परिषदीय स्कूलों बच्चों में असीम प्रतिभा है बस जरूरत है उनको उचित मंच मिले। विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने कहा कि यहां के बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए कहा जा सकता है कि परिषदीय विद्यालयों की भौतिक परिवेश हो या शैक्षणिक वातावरण या फिर बच्चों में आत्मविश्वास की बात हो ये हर तरह से कान्वेंट स्कूलों से आगे हैं। जिला अध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि कम्पोजिट विद्यालय तारा उमरी के प्रधानाध्यापक राजेश सिंह ने मुख्यालय से सुदूर इस तारा कम्पोजिट विद्यालय को इतनी लगन और मेहनत से संवारा है जिसका परिणाम है कि आज यह बेसिक शिक्षा परिषद जौनपुर का वास्तव में तारा है। इससे पहले जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। कक्षा आठ की बच्ची रानी और रीत के सरस्वती वंदना पर प्रस्तुति कर सबका मन मोह लिया छोटी बच्ची दिव्यांशी की गणेश स्तुति पर मनमोहक नृत्य ने सभी का दिल जीत लिया। कक्षा दो की सोनाक्षी ने मराठी गाने पर शानदार नृत्य कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। अध्यक्षता ग्राम प्रधान जयप्रकाश सिंह ने किया और कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा आकांक्षा विश्वकर्मा ने किया।

# पांच माह बाद अपहृत मासूम का सूराग नहीं

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के लौह गांव में बीते 6 सितम्बर की आधी रात को परदादी की गोंद में सो रहे मासूम सत्यम (11) को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से पांच माह बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। इस दौरान कई थानाध्यक्ष बदले लेकिन मासूम का पता नही लगा सकी। इकलौते पुत्र अपहृत सत्यम का इंतजार उसकी मां की नम आंखें आज भी कर रही है ।पुलिस पर परिजनो का भरोसा अब धीरे, धीरे उठने लगा है। ज्ञात हो कि पुलिस द्वारा घटना के पर्दाफाश करने के लिए गठित की गई टीमो के हाथ आज भी खाली है ।सत्यम को पुलिस खोजने मे नाकाम साबित हो रही है ।पुलिस ने दावे पर दावे जरूर किये लेकिन पुलिस के दावे खोखले साबित हुए। किसी अनहोनी की आशंका से परिजन आज भी सिहर उठते हैं। लौह गांव में छः सितम्बर की आधी रात मुंह पर कपड़ा बांध कर आए अपहरणकर्ता ने दादी की गोद में सो रहे ग्यारह महीने के मासूम सत्यम को लेकर फरार हो गये थे। जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस उपाधीक्षक मछलीशहर अतर सिंह के साथ ही तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय ने शीघ्र ही अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार करने और सत्यम को लाने में कामयाब होने का उसकी मां के साथ ही परिजनो को भरोसा दिलाया था। लेकिन उनके आश्वासन के तीन महीने बाद भी पुलिस के हाथ न तो इकलौता सत्यम लगा और न ही पुलिस परिजनो का भरोसा जीतने में अभी तक कामयाब हो पाई। गांव के लोग आज भी खौफजदा हैं। पुलिस इस घटना का पर्दाफाश करने में कब सफल होगी समय स्वयं में साक्षी होगा। फिलवक्त अपहरण की उक्त घटना पुलिस के लिए एक कठिन चुनौती साबित हो जा रही है। इस संबंध में वर्तमान थानाध्यक्ष विवेक तिवारी का कहना है कि सत्यम अपहरण की घटना एक चुनौती है।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के निवासी दीपक कुमार व बृजलाल में पुराना भूमि विवाद चल रहा था। इसी भूमि विवाद को लेकर .पुनः दोनों पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चलने लगे। इसी बीच किसी ने मारपीट की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस को मौके पर आता देख मारपीट कर रहे दोनों पक्षों के सभी पुरुष सदस्य वहां से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के घर की महिलाओं को कड़ी हिदायत देकर वापस चली गई। ज्ञात हो कि इन दोनों पक्षों में इससे पहले भी एक बार मारपीट हो चुकी है। कार्रवाई की जाएगी।

# भव्यता के साथ निकाली जाएगी व्यापारी रथ यात्राः विवेक मनोचा

सहारनपुर । सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल (पंजी.) की एक महत्वपूर्ण बैठक गत रात्रि रेलवे रोड स्थित व्यापार भवन कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महानगर महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश व्यापार मण्डल द्वारा स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है, इसी कड़ी में एक विशाल रथयात्रा निकाली जाएगी जिसका शुभारंभ आगामी 13 मार्च 2023 को सहारनपुर से किया जायेगा। श्री मनोचा व श्री चावला ने बताया कि उक्त भव्य यात्रा स्थानीय भगत सिंह चौक से अपरान्ह4.00 बजे से प्रारंभ होगी जो महानगर के विभिन्न प्रमुख बाजारों से होती हुई सांय 7 बजे घंटाघर पर पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा का नेतृत्व प्रदेश व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा द्वारा किया जा रहा है, यात्रा बैण्डबाजों के साथ निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि यात्रा का प्रमुख बाजारों से पुष्प वर्षा से भी स्वागत किया जायेगा। यात्रा सहारनपुर से चलकर देवबन्द की ओर प्रस्थान करेगी उसके बाद मुजफ्फरनगर, मेरठ होते हुए प्रदेश के विभिन्न जनपदों में चलेगी। उन्होंने व्यापारियों से आहवान किया कि यात्रा को सफल बनाने के लिए भारी संख्या में व्यापारी भागेदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि व्यापारी उक्त भव्य रथयात्रा का स्वागत दीपावली व होली जैसे प्रमुख त्योहारों की ही करें क्योंकि व्यापारियों का यह बहुत बड़ा उत्सव है। बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा, महानगर महामंत्री स. सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला, राजेन्द्र गुप्ता, यशपाल मैनी, महेश नारंग, अमित गगनेजा, रामराजीव सिंघल, रजपाल सिंह, संजय भसीन, पवन गोयल, सुरेश सलूजा, आर.के.मल्होत्रा, राजीव मदान, गुलशन अनेजा, सूरज ठक्कर, ऋषिराज धींगडा, राजकुमार विज, दीपक खेड़ा, डा.राजेश नारंग, पुनीत चौहान, भरत मिगलानी, अभिषेक सोढी, ऋषि कपूर, नत्थू यादव, राजकुमार नरूला, राजेश अग्रवाल, जसचिन खुराना, मनोज बर्मन, सतीश अग्रवाल, कृष्ण लाल ठक्कर सहित भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# पचास हजार कैष सहित आठ लाख के जेवर चोरी

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना के निकट आदर्श नगर कालोनी में बीती रात सूने घर की कुंडी तोड़ कर घुसे चोरों ने इत्मीनान से पूरा घर खंगाल डाला। आलमारी, अटैची आदि में रखा गया करीब 50 हजार नगदी सहित करीब आठ लाख रुपए से अधिक कीमत के जेवरात उठा ले गए। बताते है कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे राजीव केशरी एवं उनके भाई दीपक केशरी आदि ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच किया। आदर्श नगर कालोनी निवासी दीपक केशरी पुत्र कामता प्रसाद केशरी 16 फरवरी को दोपहर करीब 11बजे अपनी बहन के घर आयोजित एक समारोह में शामिल होने के लिए घर में ताला लगा कर सपरिवार प्रयागराज गए थे ।रात में दरवाजे की कुंडी तोड़ कर घुसे चोरों ने इत्मीनान से पूरे घर को खंगाल डाला तथा आलमारी में रखे 50 हजार नगदी सहित करीब आठ लाख रुपए से अधिक के जेवरात भी उठा ले गए। सुबह आसपास के लोगों ने फोन पर घटना की सूचना दी तो उनके होश उड़ गए। अविलंब वे बहन के घर से अपने घर आकर घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस जांच पड़ताल शुरू कर दी। राजीव केशरी ने बताया कि चोर केवल जेवरात एवं नगदी ही ले गए हैं। साथ में चोरों ने बच्चों के गुल्लको को भी तोड़ कर उसमें एकत्रित किए गए पैसों को चुरा ले गए हैं।

# शिव मंदिरों पर शिव भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

दैनिक बुद्ध का संदेश

बासी,सिद्धार्थनगर। शनिवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बांसी नगर के विभिन्न मंदिरों

- **भोर से ही भक्तों ने किया भगवान शिव जी का जलाभिषेक**
- **शिव बारात भी निकाला गया जिसमें कलाकारों ने किया शिव तांडव शिव महिमा का मंचन**





पर उमड़ा जनसैलाब जिसमें शिव भक्तों ने काफी संख्या में किया जलाभिषेक बांसी नगर में स्थित बौरहवा बाबा, माघ मेला शिव मंदिर, नरकटहा शिवाला पर भोर से ही शिव मंदिरों पर भक्तों का ताता लगा रहा इसी तरह माघ मेला रोड पर स्थित शिव मंदिर धर्मशाला पर जय परमेश्वरी ग्रुप (जेपी ग्रुप) एवं समस्त नगरवासियों के तरफ से शिव मंदिर पर सुबह प्रसाद वितरण किया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया दो बजे शिवजी की बारात भी निकाला गया जो टेकघर बाबा के स्थान से होते हुए पुरानी कचहरी, रोडवेज चौराहा पेट्रोल पंप, पंच शिखा मंदिर, कोतवाली, मंगल बाजार ,सर्राफा मार्केट होते हुए माघ मेला शिव मंदिर धर्मशाला पर पहुंचा बारात इस दौरान शिव जी के बारात में काफी संख्या में महिलाएं बच्चे व नौजवान नाचते गाते रहे साथ ही बारात में कलाकारों द्वारा शिव महिमा, शिव तांडव का मंचन भी किया गया जिससे पूरा वातावरण शिवजी के आस्था में झूमने लगे शाम सात बजे शिव मंदिर पर विशाल आरती का आयोजन किया गया साथ ही भगवान शिव जी का बड़ा ही मनमोहक श्रृंगार किया गया उसके बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया ।

जिसमें हजारों संख्या में शिव के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इस कार्यक्रम में भाजपा के युवा नेता विष्णु जायसवाल ने ने सभी भगवान शिव जी के बारात में शामिल लोगों को श्री राम लिखा अंग वस्त्र वितरण किया शिव बारात में अशोक त्रिपाठी, रितेश देव वंशी, मनीष महाजन, भाजपा के युवा नेता विष्णु जयसवाल (सोनू) बलराम कुलश्रेष्ठ, राहुल गुप्ता, हरि गोविन्द साहू, निवर्तमान नगर पालिका अध यक्ष मोहम्मद इद्रीश राईनी (पटवारी) रवि अग्रहरि, दीपक सैनी, किल्लू, प्रमोद, सोनू, संजय रावत, पवन गुप्ता अशोक शर्मा, शंभू कश्यप, जितेंद्र कसेरा, सनी जयसवाल, धर्मेंद्र निवर्तमान सभासद, राजेश गुप्ता, गोविंद कुलश्रेष्ठ, अमरनाथ चौरसिया, शुभांशु कुलश्रेष्ठ, विजय पटवा, मनीष गुप्ता सिटी कार्मल, चंदन गुप्ता, भगत, अजय गुप्ता, सौरभ कुलश्रेष्ठ, दीपक गुप्ता, वीरेंद्र अग्रहरी, अंगद वर्मा, श्री राम जयसवाल, अजय मोदनवाल, सोनू माली, मिथुन गुप्ता, गोलू रौनिहार, आदि हजारों की संख्या में भगवान शिव जी के बारात में शामिल रहे।

# ध्यानपूर्वक पढ़ें ओएमआर, गणित के सूत्र रखे तैयारः सुशील शुक्ल

दैनिक बुद्ध का संदेश

भिटौली,महराजगंज। यूपी बोर्ड हाईस्कूल गणित विषय की परीक्षा 21 फरवरी को सुबह पाली में होगी। इस बार यूपी बोर्ड ने हाई स्कूल में पैटर्न बदल दिया है। कुल 70 अंकों की परीक्षा में 20 अंक बहुविकल्पी होंगे ।इसका उत्तर ओएमआर शीट पर छात्र छात्राओं को देना होगा। बाकी 50 अंक का उत्तर परंपरागत तरीके से उत्तर पुस्तिका में देना होगा। इस वर्ष भी छात्र छात्राओं को 70प्रतिशत पाठ्यक्रम से ही सवाल पूछे जाएंगे। इसलिए सभी छात्र छात्राएं सावधानीपूर्वक ओएमआर शीट को भरें। क्योंकि बहुविकल्पी प्रश्न में स्टेप वाइज नंबर नहीं मिलते। थोड़ी सी चूक होने पर आपके नंबर कट जाएंगे। बहुविकल्पी के अलावा अन्य प्रश्नों



को स्टेप बाइज स्टेप वाइज हल करे आपको हर स्टेप पर नंबर मिलेंगे। गणित विषय में फार्मूले सबसे अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। फार्मूले की तैयारी अच्छे ढंग से करें। वैसे तो तैयारी सभी टापिक का करें। लेकिन बीजगणित से सबसे अधिक 18 अंक के प्रश्न पूछे जाएंगे। किस टॉपिक पर कितने अंक संख्या पद्धति 05 अंक, बीजगणित 18 अंक, निर्देशांक ज्यामिति 05 अंक, ज्यामिति 12 अंक, त्रिकोणमिति 10 अंक, मेंसुरेशन 10 अंक, सांख्यिकी 10 अंक कुल

- **हाईस्कूल बीजगणित से सर्वाधिक 18अंक के पुछे जाएंगे प्रश्न**
- **गणित के नियमों, सूत्रों पर रखें ध्यान**

70 अंक तैयारी के महत्वपूर्ण सुझाव जानते हैं पंडित काशी प्रसाद दीक्षित महाविद्यालय के गणित प्रवक्ता सुशील शुक्ल से–सर्वप्रथम गणित के पाठ्यक्रम को अपनी सुविधानुसार बचे हुए दिनों बाट ले जिसमें कठिन टॉपिक के लिए ज्यादा समय निर्धारित करें। अध्याय वार सूत्रों की सूची बनाकर अपने अध्ययन कक्ष में चस्पा करना है। त्रिकोणमिति में सर्वसमिकाओं को लिखाकर याद करें।गणित में ज्यामिति के सवालों में रचना से संबंधित प्रश्नों की तैयारी करते समय तथा परीक्षा देते समय हमेशा नुकीली पेंसिल का प्रयोग करें। प्रश्नों को हल करने में आवश्यक सभी चरण जरूर लिखे। प्रश्नों को हल करने में आवश्यक चित्र का प्रयोग अवश्य करें। ऊंचाई और दूरी के सवालों में चित्र बनाकर सवाल को हल करें। गणित में जिन टापिक के लिए अधिक अंक निधारित है उन टापिक को बार बार हल करें। उत्तर पुस्तिका में प्रश्न नंबर और खंड सावधानी पूर्वक लिखें। रफ कार्य उत्तर पुस्तिका के अंतिम पेज पर करें।

# महा शिव रात्रि पर्व पर लोगो ने किया जलाभिषेक

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। शनिवार को क्षेत्र



में स्थित शिवमंदिरो में श्रद्धालुओ ने महाशिवरात्रि के अवसर पर जल, बेल पत्र, भांग, धतूरा, बेर तथा दूध से अभिषेक करके भगवान शिव माता पार्वती और नन्दी का पूजन अर्चन किया। पंडित दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि शिवरात्रि के अधरात्रि को भगवान शिव ब्रह्मा जी के द्वारा रुद्र रूप में अवतरित हुए। और मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव ने अपना त्रिनेत्र भी खोला था। इसी प्रकार कुछ मान्यता के अनुसार भगवान शिव और माता पार्वती के साथ विवाह भी इसी दिन हुआ था। इसलिए महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के शिव मंदिर रेहरा, झारखंडी महादेव मंदिर महादेवा, सोहास खास, महनाग, भेलौजी, महादेवा, परसा, उसका के प्राचीन शिव मंदिर, झारखंडी महादेव सहित सभी शिव मंदिरों पर महा शिवरात्रि के अवसर पर पूजा अर्चना के लिए भारी भीड़ उमड़ी। झारखंडी महादेव मंदिर पर श्रीविष्णु महायज्ञ का हवन हुआ व भव्य मेले का आयोजन हुआ। यहाँ पिछले 15 वर्षों से यज्ञ व मेले का आयोजन होता है। कार्यक्रम के आयोजक सुरेंद्र पाण्डेय, शतीस चन्द्र राय, राजा राम लोधी नेबताया कि यह मंदिर सौ वर्ष से अधिक पुराना है और पौराणिक भव्यता समेटे हुए है। इसके आसपास जे गांव का नाम व पोखरा भगवान शिव से जुड़ा है जिसे नन्दी जी के नाम पर बरदहा गांव, गौरा ताल आदि।

# हर हर महादेव के जयघोष के साथ भक्तों ने किया जलाभिषेक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास बाजार,सिद्धार्थनगर। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के सभी शिवबालाओं पर हर हर महादेव के जयघोष के साथ



भक्तों ने जलाभिषेक किया।जगह जगह मेला का भी आयोजन किया गया। बहुत से लोग फलाहार शिव भक्तों में वितरित किया। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के मोहना पुर, कुढ़वा, कृष्णा चौक, गुदराहीं, सोहास सुमाली के जंगली बाबा (शिवजी), सोहास, सोहास जनूबी, गनेरा, महदेवा बाजार, बसहवा, बरगदवा, बेलटीकर, ठढ़वरिया, भेलौजी, ऊँचाहरिया, अमवा, जगदीशपुर ग्रांट, नगवा, सिसवा ग्रान्ट, कुशभौना, दहला, फुलवरिया, सेमरहवा, महुआ आदि स्थानों पर स्थित शिव मंदिरों में शिवभक्तों ने हर हर महादेव के जयघोष के साथ जलाभिषेक किया। लोग ब्रह्ममुहूर्त से ही ताम्बे के बर्तन में जल, थाली में बेलपत्र, धतूर, गन्ना, बेर, दूध, दही, दूर्वा, फूल, फल, धूपबत्ती आदि लेकर कतारबद्ध खड़े को अपने अपने बारी की प्रतीक्षा कर रहे थे। इस दौरान भूत भावन भोले नाथ की जय, द नमः शिवाय, हर हर महादेव के जयघोष से पूरा परिसर भक्त मय हो गया था। क्षेत्र के गनेरा, सोहास, बसहवा, फुलवरिया, ठढ़वरिया, सेमरहवा आदि शिव मंदिर परिसर पर मेला का आयोजन किया गया। जहाँ पर ड्रामा पार्टी द्वारा भक्ति संगीत का मंचन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान चन्द्रजीत जायसवाल, चन्द्रमणि यादव, समाजसेवी राकेश यादव, ग्राम प्रधान सोहास खाद श्रीश प्रताप उर्फ सोनू यादव, सुरेंद्र कुमार गुप्त, ओम प्रकाश महतो, मुराली, सहजराम यादव, पारस यादव, हरिश्चंद्र यादव, महेंद्र यादव, रामचन्दर जायसवाल, सम्पूर्णा नन्द पांडेय, प्रभुनाथ यादव, राधेश्याम मोदनवाल, राम उजागिर यादव, मनोज गुप्त, नन्दराम यादव सहित तमाम लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

# महाशिवराति पर अनुष्ठान में रत रहे सीएम, की लोक कल्याण की मंगलकामना

गोरखपुर। देवाधिदेव महादेव भगवान शिव की उपासना के विशेष पर्व महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठ से लगायत विभिन्न शिवालयों तक भोलेनाथ के दर्शन, पूजन, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक आदि अनुष्ठान में रत रहे। विधि विधान से पूजनोपरांत उन्होंने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर बाद 2.45 बजे तक अलग–अलग मंदिरों में उपासना व भ्रमण में रत रहे। शनिवार सुबह महाशिवरात्रि पर सीएम योगी के आनुष्ठानिक कार्यक्रमों की शुरुआत गोरखनाथ मंदिर से हुई। मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में उन्होंने भगवान भोले शंकर का गो दुग्ध से रुद्राभिषेक किया। मठ के पुरोहित एवं वेदपाठी ब्राह्मणों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री ने हवन तथा आरती कर चराचर जगत के कल्याण हेतु महादेव से प्रार्थना की। आखिर में प्रसाद का वितरण हुआ। अनुष्ठान का यह कार्य तीन घण्टे से अधिक समय तक चला। इसके पूर्व मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में भी पूजन किया।



उन्होंने यहां भगवान नंदी का पूजन कर भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। उल्लेखनीय है कि नाथपंथ की परंपरा में गुरु गोरखनाथ सबका कल्याण करने वाले भगवान शिव के अवतार माने जाते हैं। गोरखनाथ मंदिर के मूल में भी लोक कल्याण एवं लोक मंगल की ही भावना है। ऐसे में गोरक्षपीठाधीश्वर के लिए महाशिवरात्रि का पर्व बेहद महत्वपूर्ण होता है।

**महानगर के तीन शिव मंदिरों का भ्रमण कर दर्शन, पूजन, जलाभिषेक किया मुख्यमंत्री ने':** गोरखनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंधियारीबाग स्थित प्राचीन मानसरोवर शिव मंदिर, राजघाट स्थित मुक्तेश्वरनाथ मंदिर व झारखंडी स्थित झारखंडी महादेव मंदिर का भ्रमण किया। इन तीनों शिव मंदिरों में उन्होंने भगवान भोलेनाथ का दर्शन, पूजन व जलाभिषेक कर लोक मंगल की कामना की। मंदिरों के भ्रमण के दौरान सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर जगह सुरक्षा, सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा इंतजाम रखा जाए।

**महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं मुख्यमंत्री नें':** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सभी को शुभकामनाएं दीं। एक ट्वीट में उन्होंने कहा, श्महाशिवरात्रिश की सभी प्रदेश वासियों एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती की कृपा से समस्त जगत का कल्याण हो, यही प्रार्थना है। महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों के भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री सबसे पहले अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महादेव का दर्शन पूजन किया। भोलेनाथ को भांग, धतूरा, बेलपत्र, पुष्प आदि अर्पित कर जलाभिषेक किया पूजन कर बाहर निकलते वक्त उनकी नजर नन्हें–मुन्ने श्रद्धालुओं पर पड़ गई। मुख्यमंत्री तुरंत बच्चों के बीच पहुंचे। उन्हें दुलारकर अपना आशीर्वाद और महाशिवरात्रि का प्रसाद दिया। मानसरोवर के बाद सीएम योगी मुक्तेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे और दर्शन, पूजन के बाद में चांदी के पात्र में रखे दुग्ध व जल से महादेव का अभिषेक किया। पूजन सामग्री के साथ वस्त्र अर्पित किया। महादेव झारखंडी मंदिर में भी मुख्यमंत्री ने भगवान शिव की विधि विधान से आराधना की। इस दौरान उनके साथ भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक प्रदीप शुक्ल, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि भी मौजूद रहे। जलाभिषेक किया सीएम योगी नेः दोपहर में मुख्यमंत्री पीपीगंज के भरोहिया स्थित पितेश्वरनाथ शिव मंदिर भी पहुंचे। यहां बाबा पितेश्वरनाथ का दर्शन, पूजन व जलाभिषेक किया। सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण, उद्धार, समृद्धि एवं शांति की प्रार्थना की। पांडवकालीन मान्यता वाले पितेश्वरनाथ मंदिर का गोरक्षपीठ से गहरा नाता है। गोरक्षपीठाधीश्वर हर महाशिवरात्रि यहां जलाभिषेक करने आते हैं। मुख्यमंत्री ने भरोहिया में शिव मंदिर के सामने स्थित गुरु गोरखनाथ विद्यापीठ के परिसर में स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। बच्चों का प्यार से माथा सहला कर आशीर्वाद दिया। कुछ लोगों से हंसी ठिठोली भी की। यहां कुछ लोग कुछ समस्याएं लेकर पहुंचे थे, सीएम ने उनके आवेदन लेकर समस्या निस्तारण का आदेश अधिकारियों को दिया। भरोहिया में मुख्यमंत्री के आगमन पर विधायक फतेह बहादुर सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व पर नौतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी पहुचे शिव मन्दिर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली,महराजगंज। नगर पंचायत सोनौली में स्थित आस्था





के केंद्र रामजानकी मंदिर पहुचे महराजगंज जनपद के लोकप्रिय विधायकों में सुमार नौतनवा विधानसभा के विधायक ऋषि त्रिपाठी महाशिवरात्रि पर्व पर रामजानकी मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित भव्य शिव मंदिर में महादेव का आशिर्वाद प्राप्त किया। बताते चले कि, रामजानकी मन्दिर प्रांगण में 10 फरवरी 2023 से शुरू नवनिर्मित भगवान शिव के मंदिर में शिवलिंग स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा सहित रूद्र महायज्ञ के साथ ही साथ श्रीराम जानकी मंदिर के वार्षिकोत्सव को लेकर कार्यक्रम चल रहा है। वही आज 18 फरवरी 2023 को महाभिषेक व पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, इस मौके पर नौतनवा विधानसभा के विधायक ऋषि त्रिपाठी ने महादेव का दर्शन कर आशिर्वाद प्राप्त किया, वही सबसे पहले विधायक ने श्रीराम जानकी के दर्शन करते हुवे मंदिर के महंत बाबा शिवनारायण दास जी महाराज से आशिर्वाद लिया, इस मौके पर मंदिर कार्यक्रम में पहुचे बेलवा बाबा से भी आशिर्वाद लिया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अखिलेश त्रिपाठी, रवि वर्मा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रेम जायसवाल, कृपाशंकर कान्दू, उमाकान्त मद्धेशिया, बबलू सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, राजेंद्र मद्धेशिया, प्रेम सिंह, मनोज मद्धेशिया आदि उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

**उल्लेखनीय है कि यह वृ़ि वर्ष 2021 में इसी समान नौ महीने की अवधि के दौरान हुई आय के मुकाबले 71 फीसदी अधिक है। यद्यपि माल बुलाई राजस्व में भी वृ़ि हुई है, लेकिन यात्री भाड़े के मुकाबले तेजी उसमें नहीं देखी गई। निस्संदेह विभागीय प्रचालन तंत्र की लागत घटाना रेलवे के लिये एक बड़ी चुनौती है, जिसके चलते उसके मुनाफे में ...**

# देश में माल ढुलाई और परिवहन



केन्द्र सरकार ने अब इस सत्य को स्वीकारा है कि देश में परिवहन व माल ढुलाई के सबसे सुलभ साधन रेलवे के उत्थान के बिना विकास को गति नहीं मिलेगी। तभी बजट में रेलवे के लिये अब तक उच्चतम पूंजी परिव्यय निर्धारित किया गया है। संसद में प्रस्तुत हालिया बजट में अब तक का सर्वाधिक पूंजीगत परिव्यय 2.4 लाख करोड़ रुपये रखा गया है। यह राशि वर्ष 2013–14 के मुकाबले नौ गुनी है। निस्संदेह, यह देश की जीवन रेखा कही जाने वाले रेलवे के विकास – आधुनिकीकरण के लिये शुभ संकेत है। यह अच्छी बात है कि कोविड संक्रमण के दौरान रेलवे जिस बड़े संकट से जूझा है, उससे अब उबरने लगा है। हालांकि, उस दौरान भी। प्रवासी श्रमिकों को उनके गांव पहुंचाने व खाद्यान्न आपूर्ति में निर्णायक भूमिका निभाई थी। रेलवे की अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है, वह इस बात से पता चलता है कि पूरे देश में श्वंदे भारत ट्रेनश श्रृंखला को विस्तार दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वंदे भारत एक्सप्रेस भारत की पहली स्वदेशी सेमी हाई–स्पीड ट्रेन है। जिसका निर्माण चेन्नई स्थित कोच फैक्ट्री द्वारा किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर यह उत्साहवर्धक है कि देश को अपनी पहली हाइड्रोजन ट्रेन दिसंबर तक मिलने जा रही है। जो आत्मनिर्भर भारत अभियान की नई कामयाबी कही जा सकती है। महत्वपूर्ण यह भी कि अब तक भारत के पिच्चासी फीसदी से अधिक रेलवे नेटवर्क का विद्युतीकरण किया जा चुका है। निश्चित रूप से रेलों के लिये जहां ईंधन में स्वदेशी आत्मनिर्भता जरूरी है, वहीं पर्यावरणीय मुद्दों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भारत की हरित ऊर्जा की प्राथमिकताओं के प्रति गंभीरता रेलवे के अभियानों में नजर आनी चाहिए। साथ ही रोजगार की प्राथमिकताओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बहरहाल, रेलवे प्रशासन के सामने मौजूद चुनौतियों के मद्देनजर हालिया बजट में वित्तीय संसाधनों की बड़ी वृद्धि इस क्षेत्र में अपार संभावनाओं के द्वार खोलती है। जहां रेलवे एक और आम लोगों का सस्ता व सुलभ आवागमन का जरिया है, वहीं करोड़ों लोगों का रोजगार भी इससे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर जुड़ा होता है। राजस्व के मोर्चे पर मिल रहा सकारात्मक प्रतिसाद उम्मीद जगाने वाला है। अच्छी बात यह है कि अप्रैल से दिसंबर 2022 के बीच रेलवे यात्री किराये से विभाग की कुल आय 48,913 करोड़ रुपये हुई है। उल्लेखनीय है कि यह वृद्धि वर्ष 2021 में इसी समान नौ महीने की अवधि के दौरान हुई आय के मुकाबले 71 फीसदी अधिक है। यद्यपि माल बुलाई राजस्व में भी वृद्धि हुई है, लेकिन यात्री भाड़े के मुकाबले तेजी उसमें नहीं देखी गई। निस्संदेह विभागीय प्रचालन तंत्र की लागत घटाना रेलवे के लिये एक बड़ी चुनौती है, जिसके चलते उसके मुनाफे में कमी आ जाती है। पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी सुझाव दिया था कि देश को बहु– मॉडल परिवहन के साथ एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने के बारे में सोचना चाहिए। जिसके अतंर्गत देश के जलमार्ग, राजमार्ग और रेलवे नेटवर्क आपस में जुड़े हों। इन प्रयासों से रेलवे की लागतों को कम करने तथा राजस्व को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। जलमार्गों की क्षमता का उपयोग बढ़ाने से माल ढुलाई लागत में कमी लायी जा सकती है। वहीं दूसरी ओर रेलवे का माल ढुलाई का बोझ कम किया जा सकता है ।

# शिव पार्वती के विवाह की कथा मंगलकारी है



शिव आर्यों और अनार्यों दोनों के देवता हैं। भारत की सनातन परंपरा के अभीष्ट महादेव ही हैं। वे सर्व सुलभ हैं। वे भांग और धतूरे से प्रसन्न होने वाले हैं। उनसे थोड़ी सी दिल्लगी कीजिए तो भोलेनाथ तुरंत प्रसन्न हो जाएंगे। वे देवों के देव देवाधिपति महादेव हैं। वे त्रिकाल दर्शी हैं। वे प्रसन्न हो जाएं तो भस्मासुर को भी वरदान दे देते हैं। रावण उनकी आराधना करके सोने की लंका का राजा बन जाता है। भोलेनाथ शिवत्व की शक्ति प्रदान करने वाले परम तत्व हैं। शव को शिव में परिवर्तित करने में वे अद्वितीय हैं। बिना शिव के कोई भी व्यक्ति शव है। शिव के इ की मात्रा से शव भी ईश्वरीय शक्ति में रूपांतरित हो जाता है। तब मनुष्य के आत्म में आत्मा का वास शिवत्व के कारण ही होता है। प्रत्येक व्यक्ति की आत्मा में ऊर्जा शक्ति शिव के अर्द्धांगिनी वाले स्वरूप से आती है। तब एक परिवार की परिकल्पना साकार होती है। भारतीय सनातन की परंपरा में विवाह नाम की संस्था को पुष्पित पल्लवित करने के लिए भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की अवधारणा को ऐतिहासिक पौराणिक तत्व के रूप में श्रीरामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने रमाया। गोस्वामी तुलसीदास जी मानस में ही कहते हैं कि यह उमा संभु बिबाहु जे नर नारि कहहिं जे गावहीं। कल्यान काज विवाह मंगल सर्बदा सुखु पावहीं।। अभिप्राय यह कि तुलसीदास जी कहते हैं कि शिव पार्वती के विवाह की इस कथा को जो स्त्री पुरुष कहेंगे और गाएंगे, वे कल्याण के कार्यों और विवाहादि मंगलों में सदा सुख पाएंगे। अब आप देखिए तो गोस्वामी तुलसीदास जी यहां परिवार नाम की संस्था को बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए कभी वे शिव विवाह का सहारा लेते हैं तो कभी राम विवाह की संकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करते हैं। शिव और राम दोनों की आराधना करके गोस्वामी तुलसीदास शैव और वैष्णव मतावलंबियों के बीच तत्कालीन धार्मिक संघर्ष को रोकते हैं और दोनों में समन्वय स्थापित करने में सफल होते हैं। तब राम और शिव के द्वारा वे सनातनी एकीकरण के अभियान में पूर्णतः सफल होते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी फिर लिखते हैं जेहि पर कृपा न करहि पुरारी। सो न पाव मुनि भगति हमारी। आगे फिर लिखते हैं कि सिव सेवा कर फल सुत सोई। अबिरल भगति राम पद होई।। संकर बिमुख भगति चह मोरी। सो नारकी मूढ़ मति थोरी।। एक बात जो ध्यान देने की है वह भगवान शिव के साथ नंदी बैल की पूजा। बैल भारतीय कृषक परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। परिवार को पालने के लिए अनाज की जरूरत होती है। तत्कालीन समाज में विवाह के बाद गृहस्थ जीवन के प्रवेश में बैल और हल दोनों की आवश्यकता होती थी। विभिन्न प्रतीकों के माध्यम से ऐतिहासिक भावबोध के साथ ये ऐतिहासिक चरित्र हमें सत्मार्ग की तरफ प्रेरित करते हैं।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# बुलडोजर और आग की लपटें

**कांग्रेस, सपा जैसे दल बढ़–चढ़ कर सरकार का विरोध कर रहे हैं। अब विपक्षी दलों में इस बात की भी होड़ है कि कौन विरोध में सबसे आगे रहता है। जब तक इनमें इस तरह की होड़ जारी रहेगी, भाजपा की जीत निश्चित रहेगी। बहरहाल, इस विरोध में यह तथ्य भी रेखांकित हुआ कि पीड़ित परिवार ब्राह्मण था। जाति और धर्म की राजनीति का निचोड़ इसमें देखा जा सकता है। दो जिंदगियां जो असमय जलकर...**

उत्तरप्रदेश में कानून व्यवस्था का दम दिखाने के नाम पर पिछले कुछ वक्त से बुलडोजर कार्रवाई काफी सुर्खियों में रही है। माफिया और गुंडा राज को खत्म करने के लिए उप्र पुलिस प्रशासन उनके ठिकानों पर बुलडोजर चलाता है। अपराधियों को सख्त संदेश देने के इस तरीके पर योगी सरकार खूब चर्चा में रही है। पिछले साल अप्रैल में ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन गुजरात आए थे, तो वे भी बुलडोजर पर सवार हुए थे। इसे एक तरह से बुलडोजर कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय मान्यता के तौर पर निरुपित किया गया। इस साल जनवरी में खबर आई कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू आतंकवादियों पर कार्रवाई के लिए योगी का बुलडोजर मॉडल अपना रहे हैं। रक्षा और जासूसी दोनों ही क्षेत्रों में इजरायल की तूती अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बोलती है। और अगर इजरायल उप्र मॉडल पर चले तो राष्ट्रवादियों की खुशी स्वाभाविक है। देश के भी कई राज्यों में अपराधियों से निपटने के लिए बुलडोजर कार्रवाई धड़ल्ले से की गई। इस पर नागरिक समाज की ओर से चिंता भी जतलाई गई कि क्या कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने का यह तरीका सही है। बापू का तो संदेश है अपराध ा से घृणा करो, अपराधियों से नहीं। मगर बुलडोजर कार्रवाई से अपराध की जगह अपराध ियों को ही निशाने पर लिया जा रहा है और उनके साथ पूरे परिवार को संकट में डाला जा रहा है। कक्रीट की इमारतों को अपराधी का ठिकाना बताकर बुलडोजर ढहाते हैं, वे असल में किसी का घर होते हैं, जिनमें एक नहीं, कई जिंदगियां गुजर–बसर करती हैं। अकेले अपराध ी को इससे सजा नहीं मिलती, पूरा परिवार इस सजा को भुगतता है। वैसे भी अपराधी को सजा न्यायपालिका के आदेशानुसार ही मिलनी चाहिए। फिर चाहे वह कैद हो या जुर्माना, या दोनों। बुलडोजर चला कर अपराध को नहीं, मानवाधिकारों को कुचला जाता है। इसके कई उदाहरण प्रयागराज से लेकर दिल्ली तक बीते वक्त में सामने आए हैं। अब बुलडोजर कार्रवाई का एक और भयावह परिणाम उत्तरप्रदेश में देखने मिला है। कानपुर देहात रूरा थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव में अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासन की टीम ने एक परिवार की झोपड़ी पर बुलडोजर चलवा दिया। इसी दौरान उसमें आग लग गई और मां–बेटी की जलकर मौत हो गई। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। वीडियो में एक आवाज सुनाई दे रही है कि श्देखो भैया देखो, मेरी मम्मी जल रही हैं।श वीडियो में जलती हुई आग की लपटें दिख रही हैं और दो लोगों के जोर–जोर से बिलखने की आवाज आ रही है। जानकारी के मुताबिक यह झोपड़ी कृष्ण गोपाल दीक्षित की थी। इसे अतिक्रमण के नाम पर बुलडोजर से तोड़ने जब टीम पहुंची तो इसमें आग लग गई और कृष्ण गोपाल की पत्नी और 23 साल की बेटी दोनों इसमें झुलस गए। आग का सही कारण शायद निष्पक्ष जांच के बाद सामने आए। क्योंकि एक ओर ये कहा जा रहा है कि कृष्ण गोपाल की पत्नी और बेटी ने विरोध में खुद को आग लगा ली, यानी आत्महत्या कर ली। वहीं परिवार का पुलिस पर गंभीर आरोप है कि पुलिस ने झोपड़ी में आग लगाई थी, जिस कारण दोनों महिलाओं की मौत हो गई। चार लोगों के इस परिवार में अब पिता और बेटा ही बच गए हैं। अपनी पत्नी और बेटी को बचाने की कोशिश के दौरान कृष्ण गोपाल भी बुरी तरह झुलस गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस पूरी घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया और हालात संभालने के लिए सरकार ने एसडीएम, लेखपाल, एसओ सहित करीब 24 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। अब सरकार से पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे और सरकारी नौकरी की मांग की जा रही है। मुमकिन है लोगों का गुस्सा शांत करने के लिए इस मांग को सरकार मान ले। लेकिन इस सबका हासिल क्या हुआ। क्या अतिक्रमण जैसे गैरकानूनी काम पर इससे रोक लग जाएगी, या अपराध खत्म हो जाएंगे। उप्र की मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर है, जिसमें वे निर्देश दे रहे हैं कि अपराधियों, माफियाओं के ठिकानों पर बुलडोजर चले, लेकिन किसी गरीब के घर पर नहीं। क्या अधिकारियों तक यह निर्देश स्पष्ट नहीं पहुंचा, या फिर वे सरकार की बात नहीं मान रहे हैं या ओहदे का रुतबा बुलडोजर के साथ मिलकर दोहरा कहर ढा रहा है। मंडौली गांव की घटना से कुछ और सवाल भी उपज रहे हैं, जैसे मां–बेटी ने क्या सचमुच आत्महत्या की। विरोध का कोई और रास्ता उन्होंने क्यों नहीं अपनाया। अगर वे अपनी जान लेने पर मजबूर हुईं, तो यह मजबूरी क्यों उपजी। किस लाचारी के डर ने उन्हें अपनी जान लेने पर मजबूर कर दिया। जब कृष्ण गोपाल अपनी पत्नी और बेटी को झुलसने से बचा रहे थे, तब वहां मौजूद प्रशासनिक टीम ने इसमें मदद क्यों नहीं की। इतने सारे लोग मिलकर दो लोगों को जिंदा जलते देखते रहे, तो क्या देश से मानवता की अर्थी उठने की घोषणा है। क्या इस घटना के बाद बुलडोजर कार्रवाई पर पुनर्विचार किया जाएगा। या फिर बुलडोजर के साथ अग्निशमन वाहन भी भेज दिया जाएगा, कि इधर आग लगे और उधर बुझाने का इंतजाम हो जाए। बुलडोजर और आग से जलकर मौत की इस घटना पर अब राजनीति भी शुरु हो गई है। कांग्रेस, सपा जैसे दल बढ़–चढ़ कर सरकार का विरोध कर रहे हैं। अब विपक्षी दलों में इस बात की भी होड़ है कि कौन विरोध में सबसे आगे रहता है। जब तक इनमें इस तरह की होड़ जारी रहेगी, भाजपा की जीत निश्चित रहेगी। बहरहाल, इस विरोध में यह तथ्य भी रेखांकित हुआ कि पीड़ित परिवार ब्राह्मण था। जाति और धर्म की राजनीति का निचोड़ इसमें देखा जा सकता है। दो जिंदगियां जो असमय जलकर राख हो गई, उस राख की जाति और धर्म अगर तलाशने की प्रवृत्ति जारी रही, तो फिर बुलडोजर कार्रवाई के ईमानदार विरोध की उम्मीद नहीं की जा सकती।

# मनरेगा: हंगामा यूं ही नहीं

**विश्व में आने वाली मंदी का भारत की अर्थव्यवस्था पर अधिक फर्क न पड़े, इसके लिए भी मनरेगा में कार्य कर रहे श्रमिकों की रुकी हुई मजदूरी अविलंब मिलनी चाहिए ताकि मांग कम न होने पाए। ग्रामीण मांग को बढ़ाने के लिए मनरेगा में दी जाने वाली मजदूरी में वृ़ि पर भी विचार किया जाना चाहिए। ग्रामीण नागरिकों को वास्तव में सशक्त बनाने के लिए मनरेगा के साथ न्याय करते हुए केंद्र और...**

डॉ. सुरजीत सिंह गांधी

मनरेगा यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की बकाया राशि का भुगतान अभी तक न किए जाने के लेकर केंद्र और राज्य सरकारों के बीच एक बार फिर से राजनीति गरमाने लगी है। केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने राज्य सभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि मनरेगा के अंतर्गत 14 राज्यों के लिए 6,157 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना बाकी है। इनमें से 6 राज्य ऐसे हैं, जिनमें भाजपा की सरकार है। सर्वाधिक बकाया (2,700 करोड़ रुपये) पश्चिम बंगाल का है। आंध्र प्रदेश का 836 करोड़ रुपये, कर्नाटक का 638 करोड़, मध्य प्रदेश का 362 करोड़, महाराष्ट्र का 200 करोड़, ओडिशा का 187 करोड़, केरल का 137 करोड़, असम का 112 करोड़ और मेघालय का 102 करोड़ रुपये के बकाया सहित मनरेगा में प्रयुक्त निर्माण सामग्री घटकों की देनदारियों को भी जोड़ दिया जाए तो यह धनराशि 6175 करोड़ रुपये हो जाती है। राज्य सरकारों का कहना है कि मनरेगा के अंतर्गत राशि न मिलने से ग्रामीणों के लिए आजीविका का प्रश्न बड़ी चुनौती बन गया है। नियमानुसार मजदूर को 15 दिन के भीतर भुगतान होना चाहिए जिसके बाद प्रत्येक दिन की देरी के लिए श्रमिक मुआवजे का हकदार हो जाता है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों के आपसी समंजस्य के अभाव के कारण यह कार्यक्रम आर्थिक से ज्यादा राजनीतिक महत्त्व का हो गया है। अपर्याप्त धन, अपर्याप्त वेतन और असामयिक भुगतान आदि को लेकर केंद्र और राज्यों के बीच होने राजीनीतक विवाद का खमियाजा ग्रामीण मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। मजदूरी भुगतान में देरी से श्रम अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा जिसके चक्रीय दुष्प्रभाव अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगेंगे।

मजदूरी नहीं मिलने की स्थिति में खाद्य सुरक्षा का संकट गहराने लगेगा तो ग्रामीण क्षेत्र में विशेष रूप से महिलाओं की बेरोजगारी भी बढ़ेगी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी, 2022 में ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 5.84 प्रतिशत थी। पीपुल्स रिसर्च ऑन इंडियाव्यज कंज्यूमर इकोनमी के नवीनतम सव्रेक्षण के अनुसार गरीब और अमीर परिवारों के बीच आय में असमानता बढ़ रही है। सबसे गरीब 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी, जो 1995 में कुल घरेलू आय का 5.9 प्रतिशत थी, 2021 में कम होकर 3.3 प्रतिशत रह गई है। दूसरी ओर इसी अवधि में सबसे अमीर 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी 50.2 प्रतिशत से बढ़कर 56.3 प्रतिशत हो गई है। इस संदर्भ में उल्लेखित करना आवश्यक हैं कि मनरेगा कार्यक्रम भारत का ही नहीं, बल्कि विश्व का सबसे बड़ा रोजगार गारंटी कार्यक्रम है। मांग आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य 100 दिन का रोजगार उपलब्ध करवा कर ग्रामीणों के जीवन की गुणवत्ता को सुध ारना है। गरीबी उन्मूलन का पर्याय बन चुका यह कार्यक्रम वित्तीय रूप से कमजोर लोगों को सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान करता है।

इस कार्यक्रम से देश के लगभग 15.51 करोड़ लोग जुड़े हुए हैं। मनरेगा ग्रामीण श्रमिकों के लिए एकमात्र ऐसी जीवन रेखा है जो जरूरत और संकट के समय काम और नकदी प्रदान करता है। कोरोना काल जैसी आपातकालीन स्थिति में भी इस कार्यक्रम की उपादेयता साबित हो चुकी है।

अनेक रिपोर्ट्स बताती हैं कि कोविड के समय शहरों से गांव की तरफ विपरीत पलायन के समय लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार दिया गया था। कोरोना से आय में नुकसान की भरपाई में इस कार्यक्रम ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वर्तमान में सामाजिक संगठनों की आलोचनाओं के कारण भी मनरेगा चर्चा में है। विरोध का प्रमुख कारण यह है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले वर्ष की तुलना में 2023–24 के बजट में 21.66 प्रतिशत की कमी करते हुए मनरेगा के लिए 60,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। संशोधित अनुमान से तुलना करने पर यह बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाता है। पिछले वर्ष सरकार ने ग्रामीण भारत में काम की बढ़ती आवयश्कता को देखते हुए 25,000 करोड़ रुपये का पूरक बजट जोड़ा था, परंतु इस वर्ष के बजट में सरकार ने कम आवंटन का तर्क देते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में सुध ार से मजबूत होती ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं कोरोना खत्म होने से शहरों की तरफ पुनरू पलायन होने के कारण पिछले कुछ महीनों में मनरेगा की मांग में आई है। 2022–23 के आर्थिक सव्रेक्षण के अनुसार 24 जनवरी, 2023 तक इस कार्यक्रम के अंतर्गत काम मांगने वालों की संख्या 6.49 करोड़ थी, जिसमें से 6.48 करोड़ लोगों को काम का आफॅर दिया गया। इनमें से 5.7 करोड़ परिवारों ने काम किया।

इसके विपरीत पिछले तीन वर्षो के बजट का विश्लेषण किया जाए तो मनरेगा के बजट में लगातार कमी दिखाई देती है।

मनरेगा में वित्त की कमी का प्रभाव श्रम दिवस रोजगार में भी कमी के रूप में देखाई देता है। 100 दिन की गारंटी देने वाले रोजगार की तुलना में 2020–21 में मात्र 52 दिन, 2021–22 में 42 दिन और 2022–23 में 42 दिन का रोजगार ही मिल सका है। श्रम संगठनों का मानना है कि जब देश में बेरोजगारी बढ़ रही है तो मनरेगा में 150 दिन श्रम दिवस रोजगार करने की बजाय सरकार इसे लगातार कम करती जा रही है। देश हित में मनरेगा से संबंधित विवाद के पहलुओं पर केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर कार्य करना चाहिए। इसके कार्यान्वयन की प्रशासनिक और निष्पादन संबंधी तकनीकी गड़बडियों पर कार्य करना चाहिए जिससे न सिर्फ भ्रष्टाचार कम होगा, बल्कि कार्यक्रम में पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

मनरेगा से भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए सभी राज्यों में स्वतंत्र एवं मजबूत सोशल ऑडिट को नियमित किया जाए। अनियमितता के खिलाफ समय पर सख्त कार्रवाई की जाए। विश्व में आने वाली मंदी का भारत की अर्थव्यवस्था पर अधिक फर्क न पड़े, इसके लिए भी मनरेगा में कार्य कर रहे श्रमिकों की रुकी हुई मजदूरी अविलंब मिलनी चाहिए ताकि मांग कम न होने पाए। ग्रामीण मांग को बढ़ाने के लिए मनरेगा में दी जाने वाली मजदूरी में वृद्धि पर भी विचार किया जाना चाहिए। ग्रामीण नागरिकों को वास्तव में सशक्त बनाने के लिए मनरेगा के साथ न्याय करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम की कमियां दूर की जाने पर ही यह कार्यक्रम देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगा।



# कराची में पुलिस प्रमुख के कार्यालय पर हमला, पांच पाकिस्तानी तालिबानी आतंकवादी मारे गए

पाकिस्तान के सबसे अधिक आबादी वाले शहर कराची में पुलिस प्रमुख के कार्यालय पर हमला करने वाले तहरीक–ए –तालिबान (पाकिस्तान) के पांच आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया और कार्यालय पर फिर से नियंत्रण कर लिया। पांच मंजिला इमारत को फिर से नियंत्रण में लेने के लिए लगभग चार घंटे तक चला अभियान शुक्रवार रात करीब 10 बजकर 50 मिनट पर समाप्त हुआ।

टीटीपी आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई भारी गोलीबारी में दो पुलिस कांस्टेबल, एक रेंजर्स कर्मी और एक आम नागरिक सहित चार अन्य लोगों की भी मौत हो गई। एक वरिष्ठ सुरक्षा सूत्र ने कहा कि अभियान के दौरान पांच आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि तीन आतंकवादी गोलीबारी के दौरान मारे गए जबकि दो ने खुद को बम विस्फोट करके उड़ा लिया जिससे



इमारत के एक तल को भी कुछ नुकसान पहुंचा। सिंध सरकार के प्रवक्ता मुर्तजा वहाब ने ट्विटर पर कहा कि वह इसकी पुष्टि कर सकते हैं कि कराची पुलिस कार्यालय (केपीओ)की इमारत को फिर से नियंत्रण में ले लिया गया है। उन्होंने कहा, ''तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया।'' उन्होंने कहा कि दो पुलिसकर्मियों, रेंजर का एक कर्मी और एक आम नागरिक सहित चार अन्य लोग की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य घायल हो गए।

हमला करने वाले और इमारत में घुसने वाले आतंकवादियों की संख्या को लेकर विरोधाभासी सूचना हैं, लेकिन पुलिस सूत्रों ने उनकी संख्या आठ बताई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''भवन पर नियंत्रण करने के बाद अब तलाशी अभियान चलाया जा रहा है जिसके बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।'' उन्होंने कहा, ''पहचान की प्रक्रिया अब भी जारी है, हम यह बता सकें कि वास्तव में कितने आतंकवादियों ने इमारत पर हमला किया, इसमें कुछ समय लगेगा।'' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी(डीआईजी दक्षिण) इरफान बलूच ने कहा कि उन्हें दो कार मिलीं जिनके दरवाजे खुले हुए थे, एक कार इमारत के पीछे के प्रवेश द्वार पर और दूसरी सामने की तरफ थी जिसमें शुक्रवार शाम करीब सात बजकर 10 मिनट पर आतंकवादी आए थे।

# एस. जयशंकर ने अश्स्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के साथ बैठक में द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों पर चर्चा की

मेलबर्न। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से शनिवार को मुलाकात की और द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी, आर्थिक अवसरों, लोगों के बीच संबंध एवं क्रिकेट समेत कई विषयों पर चर्चा की। जयशंकर फिजी से यहां पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुभकामना संदेश उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष को दिया। जयशंकर ने ट्वीट किया, ''ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिलकर प्रसन्नता हुई।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तिगत शुभकामना संदेश उन्हें दिया। चर्चा के दौरान हमारी रणनीतिक साझेदारी की भावना प्रतिबिंबित हुई। उस संबंध में हाल के घटनाक्रमों से प्रधानमंत्री अल्बनीज को अवगत कराया।'' ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज ने ट्वीट किया कि अगले महीने अपनी भारत यात्रा से पहले आज सुबह डॉ. एस. जयशंकर से मिलना बहुत अच्छा रहा। हमने अपनी रणनीतिक साझेदारी, आर्थिक अवसरों और लोगों के बीच संबंधों पर चर्चा की, जो हमारे देशों को समृद्ध करते हैं।

इससे पहले जयशंकर ने 'सिडनी बिजनेस ब्रेकफास्ट' कार्यक्रम में बात की, जहां उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज के वैश्विक परिदृश्य में समान विचारधारा वाले देशों को ''अर्थव्यवस्था को जोखिम से मुक्त करने'' के लिए एकसाथ काम करने और डिजिटल दुनिया की चुनौतियों का सामना करने एवं अर्थव्यवस्था के लिए स्थिरता प्रदान करने वाले संबंध बनाने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा, ''बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी बन रही है और सभी हितधारकों के योगदान का स्वागत है।

# अक्षर–अश्विन की जोड़ी ने बचाई भारतीय टीम की लाज, ऑस्ट्रेलिया के पास 62 रनों की बढ़त

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए दिल्ली में हो रहे दूसरे टेस्ट मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के पास 62 रनों की लीड हो गई है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारतीय टीम पहली पारी में सिर्फ 262 रन पर सिमट गयी। जबकि ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 263 रन का लक्ष्य दिया था। दूसरे टेस्ट मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की टीम के लिए स्टम्प्स के समय तक ट्रेविस हेड 40 गेंदों में 39 रन और मार्नस लाबुशेन 19 गेंदों में 16 रन पर खेल रहे थे। वहीं ऑस्ट्रेलिया का पहला विकेट उस्मान ख्वाजा का गिरा को महज 6 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

भारतीय टीम को

अक्षर–अश्विन ने संभालाः भारत की लुढ़कती पारी को हरफनमौला अक्षर पटेल ने 74 रन की पारी खेलने के अलावा रविचंद्रन अश्विन (37) के साथ आठवें विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी कर भारत की वापसी करायी। अक्षर ने 115 गेंद की पारी में नौ चौके और तीन छक्के लगाये। लियोन ने 29 ओवर में 67 रन देकर पांच विकेट झटके। उन्होंने टेस्ट में 22वीं बार है पांच या उससे अधिक विकेट चटकाये।



दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां अपनी पहली पारी में 83.3 ओवर में 262 रन बनाये। भारतीय टीम पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया से एक रन पीछे रह गयी। भारत के लिए हरफनमौला अक्षर पटेल ने सबसे ज्यादा 74 रन का योगदान दिया। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन (37) के साथ आठवें विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी कर मैच में भारत की वापसी करायी। अक्षर ने 115 गेंद की पारी में नौ चौके और तीन छक्के लगाये।

मुश्किल में थी भारतीय टीम

दूसरे दिन ये मुकाबला काफी रोमांचक मोड़ पर रहा जब भारतीय बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन के सामने टिक नहीं सके। इस मुकाबले में एक समय टीम इंडिया बेहद मुश्किल स्थिति में थी। 100 के स्कोर से पहले ही भारतीय टीम के चार बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। यही स्थिति आगे भी जारी रही और 139 रनों के स्कोर पर भारतीय टीम सात विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद भारतीय पारी को संभालने के लिए क्रिज पर अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन ने दमदार खेल दिखाया। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 114 रनों की दमदार साझेदारी कर भारतीय टीम को दोबारा मैच में वापसी करवाई।

## जल क्रीड़ा चौंपियनशिपः अर्धसैनिक बलों के 400 से अधिक जवान लेंगे प्रतियोगिता में हिस्सा

शिमला। हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा ऊना जिले में दो से छह मार्च तक आयोजित होने वाली 22वीं अखिल भारतीय जल क्रीड़ा



चौंपियनशिप में राज्यों और केंद्रीय अर्धसैनिक निकायों के 400 से अधिक सुरक्षाकर्मी भाग लेंगे। इसके आयोजन स्थल एंड्रोली को जल क्रीड़ा के क्षेत्र में देश के सर्वश्रेष्ठ स्थानों में से एक माना जाता है। शनिवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक इस पांच दिवसीय आयोजन के दौरान पुरुष और महिला दोनों टीमें रोइंग, कैनोइंग और कयाकिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी।

## कराची में पुलिस मुख्यालय पर घातक हमला, तालिबान ने ली जिम्मेदारी

पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में स्थित पुलिस मुख्यालय पर शुक्रवार को घातक फिदायीन हमला आतंकवादियों ने किया था। पाकिस्तानी तालिबान ने एक संक्षिप्त बयान जारी करके इस हमले की जिम्मेदारी ली है। कई घंटों तक गोलीबारी और धमाकों की आवाज से कराची का मुख्य बाजार दहल उठा। सरकारी अधिकारियों और दक्षिणी सिंध प्रांत के पुलिस प्रमुख गुलाम नबी मेमन ने कहा कि इस हमले में तीन सुरक्षाकर्मियों और एक नागरिक की मौत हो गई, जबकि 18 सुरक्षाकर्मी घायल हो गये। कराची दक्षिणी सिंध प्रांत के तहत आता है। अधिकारियों ने कहा कि बम से लैस दो आत्मघाती हमलावरों को मार गिराया गया, लेकिन पुलिस के इमारत में घुसने पर कम से कम एक फिदायीन ने खुद को विस्फोट करके उड़ा लिया। सरकार के एक सलाहकार मुर्तजा वहाब ने पुष्टि की है कि पुलिस और संसदीय बलों ने एक संयुक्त अभियान के तहत शुक्रवार देर रात हुए हमले के तीन घंटों के अंदर पुलिस की इमारत को खाली करा लिया। वहाब ने कहा, ''मैं पुष्टि करता हूं कि आतंकवादियों के खिलाफ अभियान अब समाप्त हो गया है।'' राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने एक बयान जारी करके कराची में हमले की निंदा की जो पाकिस्तान का प्रमुख वाणिज्यिक शहर है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि दी है।

## कराची में आतंकवादी हमले से पीएसएल प्रभावित नहीं होगाः पीसीबी प्रमुख नजम सेठी

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी ने कहा कि कराची पुलिस प्रमुख के कार्यालय पर शुक्रवार शाम हुए आतंकवादी हमले का यहां पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी मैचों पर




कोई असर नहीं पड़ेगा। सेठी ने कहा कि मैच कार्यक्रम के मुताबिक जारी रहेंगे क्योंकि लीग शुरू होने के बाद से ही खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए राष्ट्रपति के स्तर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा, '' पीएसएल के मैच तय कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेंगे। सभी खिलाड़ियों की अच्छी तरह से देखभाल की जा रही है।'' बोर्ड के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों और सरकार ने कराची में पीएसएल मैचों को जारी रखने के लिए भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया, ''कल हुई घटना का पीएसएल से कोई संबंध नहीं है।'' पीएसएल के दो मैच शनिवार और रविवार को यहां नेशनल स्टेडियम में होने हैं। इसके मद्देनजर टीम होटल और मैच स्थल पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# घाना के फुटबॉलर क्रिस्टियन अत्सु की मौत, तुर्किये भूकंप में मलबे में मिला शव



अंताक्या। इंग्लिश प्रीमियर लीग क्लब चेलसी और न्यूकैसल का प्रतिनिधित्व कर चुके घाना के फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियन अत्सु का तुर्किये में आये विनाशकारी भूकंप में निधन हो गया। वह 31 साल के थे। अत्सु के प्रबंधक ने शनिवार को कहा कि तलाशी दल ने हटे प्रांत के अंताक्या शहर में 12 मंजिला इमारत के मलबे में अत्सु का शव बरामद किया। प्रबंधक मूरत उजुनमेहमेट ने मीडिया को बताया, ''अत्सु का शव मलबे के नीचे पाया गया था। फिलहाल उनसे जुड़े सामान की तलाश जारी है।'' अत्सु सितंबर में तुर्किये के क्लब हातायिस्पोर से जुड़े थे। उन्होंने छह फरवरी को आये भीषण भूकंप से कुछ घंटे पहले पांच फरवरी को कासिम्पसा एस.के के खिलाफ गोल कर अपनी टीम को जीत दिलायी थी।

हातायिस्पोर ने कहा कि अत्सु के शरीर को घाना भेजा जा रहा है। क्लब ने ट्वीट किया, ''हमारे पास दुख को बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं।'' इससे पहले अत्सु के मलबे से सुरक्षित बाहर निकालने की खबर आयी थी लेकिन बाद में यह गलत साबित हुई।

## जी–20 बैठक के लिए भारत आएंगी अमेरिका की वित्त मंत्री Janet Yellen, 23 से 25 फरवरी तक करेंगी देश का दौरा

अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन अगले सप्ताह जी–20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक में शामिल होने के लिए भारत जाएंगी। इस दौरान यूक्रेन में युद्ध और मजबूत, अधिक लचीली और वैश्विक अर्थव्यवस्था की



चुनौतियों से जुड़े मसलों पर चर्चा होगी। वित्त विभाग ने शुक्रवार शाम को एक बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि येलेन भारत यात्रा के दौरान 23 फरवरी को दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को भी संबोधित करेंगी। वह जी–20 की बैठक में 'यूक्रेन में रूस की अवैध घुसपैठ' समेत अन्य चुनौतियों को देखते हुए अमेरिका और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लचीलेपन पर चर्चा करेंगी और वित्त विभाग की प्रमुख प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालेंगी। इसके अगले दिन जेनेट येलेन 'अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचा, टिकाऊ वित्त एवं अवसंरचना" के अलावा 'वित्तीय क्षेत्र एवं वित्तीय समावेशन' पर जी–20 वित्त मंत्रियों की बैठक के दोनों सत्रों में भी हिस्सा लेंगी। विभाग ने कहा, ष्येलेन यूक्रेन में अवैध घुसपैठ के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराने के लिए सहयोगियों से एकजुट होंगी और युद्ध के प्रभाव को कम करने के लिए विभिन्न देशों से साझेदारी करेंगी। येलेन भागीदारों के साथ चुनौतियों का समाधान करने और एक मजबूत, अधिक लचीला, वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने के लिए भी काम करेंगी।ष

# एशिया कप 2023 को लेकर आया बड़ा अपडेट, Ind-Pak मैच नहीं होने पर हो सकता है बड़ा संकट, जानें पूरी जानकारी यहां



कराची। एशिया कप की मेजबानी के मुद्दे पर भारत और पाकिस्तान के बीच गतिरोध को खत्म करने लिए अगर कोई समाधान नहीं निकाला गया तो एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) और प्रसारक के बीच एक दीर्घकालिक मीडिया अधिकार करार संकट में पड़ सकता है। एशिया कप की मेजबानी के अधिकार पाकिस्तान को दिये गये थे लेकिन पड़ोसी देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के कारण बीसीसीआई ने कहा कि भारत सितंबर में टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम नहीं भेजेगा। भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता को संयुक्त अरब अमीरात या श्रीलंका में आयोजित करने की बात कही है। लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अब तक इस मांग पर सहमति नहीं जताई है जिससे गतिरोध पैदा हुआ है।

भारत के एशिया कप से हटने से टूर्नामेंट की चमक फीकी हो जायेगी और प्रसारक को भारत–पाक मुकाबला नहीं होने से काफी ज्यादा नुकसान झेलना पड़ेगा। सूत्र ने कहा कि एसीसी और प्रसारक के बीच दीर्घकालिक समझौते के अंतर्गत यह अनिवार्य है कि पाकिस्तान और भारत एक दूसरे से कम से दो या तीन बार इस क्षेत्रीय टीमों के इस टूर्नामेंट में आमने सामने हों। सूत्र ने कहा, ''पाकिस्तान और भारत के मैचों के बिना एशिया कप कराना संभव ही नहीं है। समझौता इसी पर आधारित है। '' उन्होंने कहा कि प्रसारकों को गारंटी दी गयी थी कि चिर प्रतिद्वंद्वी टीमें फाइनल से पहले कम से कम दो बार एक दूसरे से भिड़ेंगी जैसा कि संयुक्त अरब अमीरात में 2022 में एशिया कप के दौरान हुआ था। उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान और भारत के मैचों के बिना प्रसारक अनुबंध गड़बड़ा जाएगा।

## कपड़े की दुकान में हुई लाखों की चोरी

कुशीनगर। जनपद के अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के मुजडीहा बाजार चौराहा पर स्थित एक कपड़े की दुकान में बीते गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर करीब तीन लाख का माल चोरी कर फरार हो गए। दुकानदार ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर चोरों की गिरफ्तारी जुट गई है। जानकारी के अनुसार कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बरवां कोटवा निवासी कीर्तिमान त्रिपाठी पुत्र राम कृष्ण त्रिपाठी जो अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के मुजडीहा बाजार चौराहे पर रेडिमेड कपड़े की दुकान खोले हुए है। वृहस्पतिवार के दिन दुकानदार कीर्तिमान दुकान बंद करके अपने घर चले गए।बीते रात अज्ञात चोरो ने दुकान का ताला तोड़ कर दुकान से जींस पैंट,शर्ट कुछ ऊनी कपड़े चोरी कर मौके से फरार हो गए। शुक्रवार सुबह दुकान का ताला टूटा देख किसी ने इसकी सूचना दुकानदार को दी।इसके बाद दुकानदार अपने दुकान पर पहुंचे और दुकान के टूटे हुए ताले एवं चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।वहीं दुकानदार ने चोरी हुए माल की कीमत लगभग एक लाख रुपये से अधिक और गल्ले में रखे लगभग 6 हजार रूपए नकदी बताया है। वहीं अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर विराम नहीं लग पा रही है। पूर्व में हुई दर्जनों चोरियों की खुलासा करने में अहिरौली बाजार पुलिस नाकाम साबित हो रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## खण्ड विकास अधिकारी ने चौपाल में सुनी जनता की समस्याएं

कुशीनगर। जनपद के कप्तानगंज विकास खंण्ड क्षेत्र स्थित ग्राम सभा बरवा बाबू मे शुक्रवार को खण्ड विकास अधिकारी प्रवीण शुक्ला ने ग्राम चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनी और आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए अपने मातहतों को निर्देश दिया। इस दौरान चौपाल में ग्रामीणों ने किसान सम्मान निधि, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आवास, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और विकास की जमीनी हकीकत से खण्ड विकास अधिकारी को रूबरू कराया। इसके बाद खण्ड विकास अधिकारी ने गांव में हुए विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा आवश्कतानुसार नालियों का निर्माण कराने व ग्रामीणों की समस्याओ का त्वरित समाधान कराने को कहाध। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करना है ताकि उन्हें अधिक से अधिक लाभ मिल सके और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सम्राट सिंह, ग्राम प्रधान आशा सिंह, ग्राम पंचायत सचिव तैमूर अंसारी, अवर अभियंता, लघु सिंचाई विभाग से रामगरीब सिंह, एडीओ आईएसबी, टीए तथा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व योजनाओं के वंचित लाभार्थी भी उपस्थित रहे।

## बकरी चराने को लेकर हुए विवाद में मनबढ़ ने युवक को मारी गोली, हालत गम्भीर

कुशीनगर। जनपद के पटहेरवा थाना क्षेत्र के करमैनी बाजार गाव में शुक्रवार के दिन देर शाम खेत में बकरी चराने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने अपने ही गाव के एक युवक पर लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली चला दिया। उक्त घटना में युवक बुरी तरह से घायल हो गया। मौके पर पहुची पुलिस ने आरोपी को घटना स्थल से गिरफ्तार कर लिया तथा घायल को अस्पताल पहुचाया। इस दौरान पूरे गाव में अफरा तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार पटहेरवा थाना क्षेत्र के गाव करमैनी में शुक्रवार की शाम उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया जब करमैनी बाजार निवासी जियाउल उर्फ टीपू पुत्र जमीदार अली ने बकरी चराने के विवाद में अपने ही गाव के मोहम्मद आरिफ को दरवाजे पर जाकर अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मार दिया। उक्त घटना में आरिफ उम्र (25) बुरी तरीके से घायल हो गया।घर वालो की सूचना पर पहुची पुलिस ने मौके से असलहा सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गोली चलने की सूचना क्षेत्र में फैल गयी तथा गाव में भारी पुलिसबल पहुच गया।घटनास्थल पर सीओ तमकुही जितेंद्र सिंह कालरा ने गाव में पहुच कर घटना की जानकारी लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने तीन राउंड फायर किया है। इस संबंध में पटहेरवा प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि गोली चलने की घटना में घायल का इलाज चल रहा है तथा आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है।

## गुणवत्ता में बेजोड़ है नूडल्स

गोरखपुर। मैगी पिछले चार दशकों से लाखों भारतीयों के जीवन का अभिन्न हिस्सा रही है और मैगी के प्रति यह प्यार महानगरों से लेकर गांवों तक देश के हर कोने में साफ झलकता है। अपने नए कैंपेन के माध्यम से मैगी उन उपभोक्ताओं का जश्न मना रही है। इस कैंपेन में यूपी और बिहार के गांवों एवं छोटे नगरों जैसे गाजीपुर, जौनपुर, गोरखपुर, नालंदा और नवादा से वास्तविक लोग उस भरोसे, गुणवत्ता और संतोष की कहानियां बयां करते हैं। रजत जैन, हैड– फूड्स बिजनेस, नेस्ले इंडिया ने कहा कि इस कैंपेन के लिए हमारे वास्तविक उपभोक्ताओं से बेहतर और किसका चेहरा हो सकता है, जो खुद सालों की गुणवत्ता, भरोसे और इससे मिली बेजोड़ खुशियों को बयां करते हैं, जिसके लिए मैगी नूडल्स को जाना जाता है।

## ऐश्प्रा ने वैलेंटाइन्स डे को बनाया खास

गोरखपुर। उत्तर भारत की अग्रणी ज्वेलरी चेन ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने गोरखपुर वासियों के लिए वैलेंटाइन्स डे को इनफिनिट लव फॉरएवर एंड बियॉन्डष के आयोजन से खास बना दिया। इस इवेंट में अमन निषाद ने एक सुंदर हीरे की अंगूठी जीती। यह दिलकश कार्यक्रम प्यार, मनोरंजन और मस्ती भरा उत्सव नौका विहार पर आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में लाइव म्यूजिक के साथ–साथ सभी का मनोरंजन करने के लिए खेल और अन्य गतिविधियां शामिल थीं। सभी प्रतिभागियों के लिए एक सुनिश्चित उपहार भी दिया गया। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के डायरेक्टर वैभव सराफ व सौमित्र सराफ ने बताया, ष्हम गोरखपुर वासियों के साथ श्इनफिनिट लव फॉरएवर एंड बियॉन्डश का जश्न मनाकर रोमांचित हैं। कुछ रिश्ते हमेशा खास होते हैं और इनमें प्यार जताने का तरीका भी एकदम अलग होता है, जैसे कि मां का लाड़, पापा की डांट, भाई बहन की नोक झोंक, पति पत्नी के बीच प्यार भरे उलाहने। इन सभी रिश्तों को खास बनाने के लिए ही ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने ष्इनफिनिट लव फॉरएवर एंड बियॉन्डष स्पेशल कलेक्शन लॉन्च किया और यह इवेंट इसी का विस्तार था। यह कार्यक्रम एक बड़ी सफलता थी और ऐश्प्रा भविष्य में ऐसे अन्य कार्यक्रमों की मेजबानी करने के लिए तत्पर है जो प्यार, दोस्ती और खुशी का जश्न मनाते हैं।

# उप मुख्यमंत्री व केन्द्रीय मंत्री के साथ बैठक दिये गये निर्देशो का अनुपालन सुनिश्चित करे अधिकारी

मीरजापुर। मण्डलायुक्त डॉ मुथुकुमार स्वामी बी ने आयुक्त कार्यालय सभागार में तीनों जनपदों के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व अन्य मण्डलीय अधिकारियों के साथ बैठक कर शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों के कार्य प्रगति, राजस्व वसूली तथा कानून व्यवस्था के कार्य प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उप पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह, जिलाधिकारी मीरजापुर दिव्या मित्तल, सोनभद्र चन्द्र, पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्र, भदोही व सोनभद्र, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र मिश्र, अपर आयुक्त प्रशासन रमेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल सहित सभी मण्डलीय अधिकारी उपस्थिति रहें। विकास कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाये जाने वाले गोल्डन कार्ड में अपेक्षित प्रगति न आने पर मण्डलायुक्त ने अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं जनपद मीराजपुर, सोनभद्र व भदोही के मुख्य चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग करते हुये शासन को भी अवगत कराने का निर्देश संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र मिश्र को दिया। मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुये कहा कि प्रत्येक आशा वर्कर, पंचायत सहायक तथा गोल्डन कार्ड बनाये जाने के लिये लगाये कर्मी प्रतिदिन 25 कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। प्रतिदिन का लक्ष्य पूर्ति न होने पर सम्बन्धित मुख्य चिकित्साधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही भी की जायेगी। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि प्रतिदिन के कार्य प्रगति की रिपोर्ट लेकर अपर निदेशक स्वास्थ्य उसी दिन सांय को अथवा दूसरे दिन पूर्वान्ह 10 बजे के पूर्व संयुक्त विकास आयुक्त को उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु निर्देशित किया कि अनुपस्थित चिकित्सकों के विरूद्ध निलम्बन हेतु शासन को रिपोर्ट प्रेषित किया जाय। जननी सुरक्षा योजना के तहत आशाओं के मानदेय का भुगतान समय से कराने का भी मण्डलायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया। बैठक में दवाओं की उपलब्धता, मातृत्वि स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, पीपीपी परियोजना, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर आदि की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने सभी जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि पीपीपी परियोजना की स्वयं भी मानिटरिंग करें। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान मीरजापुर के प्रान्तीय खण्ड में 25 सड़को के सापेक्ष 23 पूर्ण, निर्माण खण्ड–2 में 22 के सापेक्ष 15 पूर्ण, इसी प्रकार जनपद सोनभद्र में प्रान्तीय खण्ड के 47 में 7 पूर्ण, निर्माण खण्ड–2 में 16 में 13 पूर्ण, आरईडी विभाग सोनभद्र 35 में 16 पूर्ण बताया गया। शेष सड़को पर कार्य चल रहा है जिस पर मण्डलायुक्त ने अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित करते हुये सभी अपूर्ण सड़को को प्रत्येक दशा में 15 मार्च 2023 तक पूर्ण करते हुये उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध करायें। इसी प्रकार सेतु निगम द्वारा बताया गया कि जनपद मीरजापुर में चार सेतु, भदोही में एक तथा सोनभद्र में चार सेतु पूर्ण बताया गया। बैठक में सोलर फोटोवोल्टईक सिचाई पम्प, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने बीमा एजेंसी को कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देशित किया कि किसानों के बीमा की मुआवजा, धनराशि समय से उपलब्ध कराया जाय अन्यथा बीमा कम्पनी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक में निराश्रित गौवंश, टीकाकरण कार्यक्रम, गोवंश सहभागिता योजना, स्वास्थ्य विभाग अधूरे निर्माण कार्य, सामुदायिक शौचालय, आपरेशन कायाकल्प, हैण्डपम्प रिबोर, मरम्मत की समीक्षा की गयी। गर्मी के दिनों में आने वाले पेयजल संकट के समाधाान के लिये सम्बन्धित अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि विकास खण्ड किन गांवों में अधिक समस्या आयेंगी वहां पर हैण्डपम्पों का रिबारे, मरम्मत टैंकरों से पानी की उपलब्धता आदि की कार्य योजना पहले से बनाकर तैयार ले ताकि समय रहते लोगो को पानी उपलब्ध कराया जा सकें। अमृत योजना जलापूर्ति, सीवर, पार्क, अपशिष्ट प्रबन्धन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास शहरी, ग्रामीण, एनआरएलएम, मनरेगा, मुख्यमंत्री आवास, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयतल, खाद्य सुरक्षा, रिक्त दुकानों का आवंटन, मत्स्य पालन सहित अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने कर करेत्तर, राजस्व वसूली की प्रगति समीक्षा के दौरान सभी अपर जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में मात्र एक माह अवशेष है सभी उप जिलाधिकारी व राजस्व सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया जाय कि कर करेत्तर, राजस्व वसूली आदि में मेहनत करते हुये लक्ष्य को पूर्ण कराया जाय। समीक्षा के दौरान वाणिज्य कर, स्टाम्प, आबकारी, परिवहन, विद्युत, नगर निकाय, खनिकर्म, वन विभाग, मण्डी आदि की समीक्षा की गयी। उपरोक्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि लगभग तीनों जनपदों में मासिक लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत प्राप्ति नही की गयी है समय रहते लक्ष्य की पूर्ति करें। बैठक में ग्राम समाज की भूमि का आवंटन, जनपद भदोही में कृषि भूमि आवंटन कम हैं जिसे बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सार्वजनिक भूमि आदि पर धारा–122 बी के अन्तर्गत अनुपालन की स्थिति, अद्यतन खतौनी का अपलोडिंग सहित सभी बिन्दुओं पर समीक्षा करते हुये लक्ष्य पूर्ति का निर्देश दिया गया। तत्पश्चात कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान त्यौहारों के दृष्टिगत मण्डल में कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये सभी पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया। तदुपरान्त गुण्डा एक्ट, महिला उत्पीड़न, गैंगेस्टर, चोरी सहित अन्य सभी बिन्दुओं की समीक्षा की गयी।

# हज 2023 हेतु ऑनलाइन आवेदन 10 फरवरी से 10 मार्च 2023 तक

### हज पर जाने वालों को एक माह पूर्व कोविड-19 की वैक्सीन लगवाना होगा अनिवार्य

कुशीनगर। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी लालमन ने बताया कि सचिव, कार्यपालक उ०प्र० राज्य हज समिति लखनऊ द्वारा हज–2023 पर जाने वाले हज यात्रियों के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि हज 2023 हेतु आनलाईन आवेदन दिनांक 10 फरवरी 2023 से आरम्भ होकर अन्तिम तिथि दिनांक –10 मार्च 2023 तक जारी रहेगा। हज आवेदन पत्र भरने से पूर्व हज–2023 के दिशा–निर्देशों को ध्यान से पढ़ा जाय। आवेदन की निर्धारित अन्तिम तिथि से भारतीय अंतराष्ट्रीय पासपोर्ट की वैद्यता 03 फरवरी 2024 से कम न हो ।आवेदन करते समय रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा नहीं करना है। एक कवर में एक परिवार से अधिकतम चार व न्यूनतम एक व्यस्क व दो इंफेण्ट आवेदन कर सकेंगे। आवेदन फार्म में अंकित आवासीय पता व पासपोर्ट में अंकित पता एक समान होने पर आवासीय प्रमाण के रूप में पासपोर्ट की फोटोप्रति मान्य होगी। यदि इस में पता भिन्न है तो स्वहस्ताक्षरित प्रपत्र–जैसे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर पहचान पत्र व गत तीन माह के बिजली, टेलीफोन बिल (लैण्डलाईन) पानी का बिल, गैस कलेक्शन प्रमाण–पत्र आवेदन फार्म के साथ संलग्न कर वेबसाईट पर अपलोड करना होगा। आवेदन को उड़ान से एक माह पूर्व कोविड–19 की वैक्सिन लगवाना आवश्यक है। तभी उड़ान की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि हज–2023 हेतु अभी अन्तिम रूप से कुल खर्च का निर्धारण नहीं हुआ है। केवल दो किस्तों प्रथम किश्त रू0 81,500.00 व द्वितीय किस्त रू0 1,70,000 है। तीसरी व अन्तिम किस्त की सूचना बाद में दी जायेगी। जनपद से हज आवेदन करने वाले हज यात्रियों को आवश्यक जानकारी प्राप्त करने हेतु सी०यू०जी० नं०–7310103543 आवंटित किया गया है। जिस पर सम्पर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उक्त के अतिरिक्त जनपद स्तर पर हज यात्रियों की सुविधा के लिए एक हज फैसिलीटेशन केन्द्र मदरसा फैजुल उलूम दा०त० इस्लामिया जमालपुर, पडरौना–कुशीनगर खोला गया हैं। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने हज यात्रा – 2023 पर जाने वाले जनपद के इच्छुक हज यात्रियों को अवगत कराया है कि हज कमेटी की वेबसाईट ॄरिबवउउपजजमम.हवअ.पद पर दिये गये विस्तृत दिशा निर्देशों के अनुसार हज आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करें, तथा किसी भी असुविधा हेतु अपने नजदीकी हज फैसीलीटेशन केन्द्र अथवा अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

# जनपद में एक परिवार एक पहचान योजना के तहत प्रत्येक परिवार की बनेगी फैमिली आईडी

सहारनपुर। शासन के उच्च निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी अखिलेश सिंह ने सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति के दृष्टिगत एक परिवार, एक पहचान फैमिली आईडी बनाने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिये। उन्होने इस योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आईडी जारी करने के लिए एसडीएम और बीडीओ को अधिकृत किया गया है। राशन कार्ड को आधार मानकर उसी नंबर को आईडी की पहचान दे दी जाएगी। जिनके पास राशन कार्ड नहीं है उन्हें नए सिरे से ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

लोक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक उन्नति के लिए और छात्रवृत्ति, कौशल विकास, किसानों व श्रमिकों को अनुदान, युवाओं को रोजगार के अवसर आसानी से एक परिवार को प्राप्त हो इसके लिए योजना शुरु की गई है। योजना के तहत राशनकार्ड धारकों को पंजीकरण कराने की कोई जरूरत नहीं है। बल्कि उन्हें फैमिली पोर्टल पर जाकर राशनकार्ड और आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर डालकर परिवार की आईडी निकाल सकेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के ऐसे परिवार जोकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित नहीं हैं तथा वृद्ध, निराश्रित महिलाएं और दिव्यांग के आदि को इसका लाभ प्राथमिकता पर दिलाने तथा राशन कार्ड बनाए जाने के आदेश भी जारी किए गए हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू भी हो गई है। आदेश में कहा गया है कि जिला स्तर पर अधिकारियों की टीमें गठित कर ऐसे लाभार्थियों का सत्यापन कराकर लाभ दिलाना सुनिश्चित कराया जाए।

फैमिली आईडी के लिए परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड अनिवार्य होगा जोकि मोबाइल नंबर से लिंक हो। आवेदन के समय इनके आधार का नंबर दर्ज किया जाएगा। जो व्यक्ति किसी परिवार से पहले से जुड़े होंगे वह किसी अन्य परिवार से नहीं जुड़ पाएंगे। ऑन लाइन आवेदन के दौरान पूरी जानकारी सही से भरे और एक बार उसे अच्छी तरह से जांच लें जिससे सत्यापन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न उत्पन्न हो और सक्षम अधिकारी आसानी से अपनी रिपोर्ट लगा सकें।

उन्होने निर्देश देते हुए कहा कि फैमिली आईडी योजना के प्रशिक्षण का कार्य ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री अमित यादव द्वारा किया जायेगा ताकि इस योजना का सफल क्रियान्वयन किया जा सके जिससे योजना का लाभ अधिकतम लोगों को मिल सके।

# संकल्प बने प्रेस एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के प्रदेश अध्यक्ष

सहारनपुर। भारत सरकार के नीति आयोग से प्रमाणित प्रेस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष इफ्तिखार त्यागी ने सहारनपुर निवासी संकल्प नैब को उत्तर प्रदेश राज्य का अध्यक्ष नियुक्त करते हुए उनसे संगठन की गरिमा नुसार कार्य करते हुए निर्देशो के अनुसरण करने के निर्देश दिये हैं। सहारनपुर में विगत 5 दशकों से पत्रकारिता के मूल्यों को सहेजे एवं जनहित तथा शासन–प्रशासन में समन्वय स्थापित करने और संघर्ष करने वाले पत्रकार परिवार के वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द नैब के पुत्र तथा राष्ट्रीय अंग्रेजी दैनिक के प्रतिनिधि पत्रकार संकल्प नैब जो पूर्व में सहारनपुर में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष पद का दायित्व भी निर्वहन करते रहे हैं और अब उन्हें मिले इस नए दायित्व पर पत्रकारों में खुशी की लहर दौड़ गयी है और उन्हें पत्रकारों ने व्यक्तिगत रूप से तथा दूरभाष पर बधाई दी है। प्रेस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष संकल्प नैब ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष इफ्तिखार त्यागी का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने एवं शीघ्र ही प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करते हुए उत्तर प्रदेश में जिला स्तर पर भी गठन किये जाने की बात कही है। साथ ही यह भी आश्वासन दिया है कि वह अन्य वरिष्ठ पत्रकारों से परामर्श करते हुए पत्रकारों के उन्नयन हेतु राज्य स्तर पर कार्यवाही कराने में कोई कोर कसर नही छोड़ेंगे तथा पत्रकारों की पुरानी लंबित मांगो को पूरा करने के लिए शासन स्तर पर मुहिम चलाएंगे।

# सपाईयों ने कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई

सहारनपुर। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक करपुरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर आज समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धाजलि अर्पित की तथा मौजूदा परिस्थितियों में धर्म जाति की राजनीति को समाप्त करने के लिए समाजवादी विचारधारा को जन जन तक पहुँचने का सकल्प लिया। आज अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जन नायक र्कपुरी ठाकुर को उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया उनके चित्र पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। प्रदेश के पूर्व मंत्री सरफराज खान एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष फैसल सलमानी ने कहा कि आजीवन शोषित पीड़ित वंचित समाज के लिए संघर्ष करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री जन नायक करपुरी ठाकुर ने सदैव निस्वार्थ भावना से समाज सेवा की। ऐसे महापुरुष से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके आदर्शों सिद्धांतों को अपनाना चाहिए जिससे कि समाजवादी विचारधारा को और अधिक मजबूती मिल सके क्योंकि वर्तमान समय में धर्म जाति की राजनीति कर समाज को बांटने का काम हो रहा है ऐसे में समाजवादी विचारधारा से समरसता लाई जा सकती है। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश नि कोषाध्यक्ष इंजीनियर विजेश शर्मा एंव निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष हसीन कुरेशी ने अपनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि साधारण व्यक्तित्व के धनी पूर्व मुख्यमंत्री जननायक करपुरी ठाकुर नेजीवन भर समाजवाद की विचारधारा को अपनाए रखा और अपने जीवन के अंतिम सांस तक समाजवादी विचारधारा को मजबूत बनाने का कार्य किया स्वच्छ राजनीति के बल पर वह वर्ष 1952 से लगातार विधायक निर्वाचित होते रहे।पूर्व मुख्यमंत्री जननायक करपुरी ठाकुर ने कभी पैसे का लोभ नहीं किया सदैव सादगी और ईमानदारी के साथ अपना जीवन यापन किया और जनसेवा की बदौलत राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई। आज उनके आदर्श सिद्धांतों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महिला प्रकोष्ठ महिला प्रकोष्ठ के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष अंजू रानी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को ऐसे महान नेताओं के विचारों को जन–जन तक पहुंचाना चाहिए ताकि आमजन उनसे रूबरू होकर प्रेरित हो सके। श्रद्धांजलि देने वालों में अब्दुल गफूर फहद सलीम जुमला सिंह कंवरपाल अहमदपुर वेदपाल पटनी दौलत जायसवाल विशाल यादव नदीम कुरैशी कयूम रामकुमार विश्वकर्मा महफूज अंसारी आदि मौजूद थे।

# दो गौतस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

सहारनपुर। थाना बेहट पुलिस ने गौतस्करी के वांछित दो गौ तस्करों को गिरफ्तार जेल भेज दिया। एसएसपी के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बेहट बृजेश कुमार पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में थाना बेहट पुलिस ने मुअस 27ध्23 के वांरटी प्रवेज पुत्र नसीर व अहसान पुत्र इनाम निवासीगण रीढी मोहिद्दीनपुर थाना बेहट को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में एसएसआई बेहट विपिन मलिक, गुलाब तिवारी, हैड आरक्षी सचिन आर्य शामिल रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़े तीन वारंटी

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताड़ा एवम पुलिस अधीक्षक देहात सूरज राय के दिशा निर्देशों के चलते थाना नानौता प्रभारी चन्द्रसैन सैनी के कुशल नेतृत्व वाली पुलिस टीमो ने जहां एक शातिर बदमाश को चाकू के साथ किया गिरफ्तार,तो वहीं दो शातिर वारंटियों को भी गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।आपको बता दें,कि चन्द्रसैन सैनी के निर्देशन में सब इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने मय हमराही फोर्स के साथ एक शातिर बदमाश मुस्तफा पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम गढ़ी दौलतपुर थाना कांधला शामली को एक नाजायज चाकू के साथ किया गिरफ्तार।और यही नहीं इसी थाने के ही उपनिरीक्षक मुकेश कुमार ने भी अपनी पुलिस टीम के सहयोग से एक शातिर वारंटी ललित पुत्र जसबीर निवासी कस्बा नानौता को किया गिरफ्तार।इसके अलावा सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने भी एक शातिर वारंटी कुलदीप पुत्र भिक्कन निवासी ग्राम चमनमाजरा को किया गिरफतार।तीनो अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

## बाइक चोर गिरफ्तार, फर्जी नम्बर प्लेट की बाइक बरामद

सहारनपुर। थाना नकुड़ पुलिस ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की फर्जी नम्बर प्लेट की एक बाइक भी बरामद की है। एसपी ग्रामीण के निर्देशन में वाहनों की रोकथाम को चलाये गये अभियान के तहत थाना नकुड प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद बिष्ट ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर उस्मान पुत्र इन्सार निवासी ग्राम घाटमपुर थाना नकुड़ को फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की हीरो स्पलैण्डर मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नकुड़ राजेन्द्र प्रसाद बिष्ट, एसआई संदीप कुमार, आरक्षी नदीम अली, ब्रजवीर राणा शामिल रहे।

# तथागत बुद्ध के विचारों को आत्मसात करने से कायम होगा अमनचैन एव खुशहाली: सुषमा मौर्य

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। शनिवार को जनपद सोनभद्र के चोपन थानांतर्गत ग्राम चिरहुली में बौद्ध महोत्सव सम्पन्न हुआ जिसकी शुरुआत सारनाथ वाराणसी से आए पूज्य भन्ते बुद्ध ज्योति जी ने बुद्ध पूजा त्रिशरण , पंचशील कराकर किया। मुख्य अतिथि जन अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव सुषमा मौर्य ने कहा कि आज पूरा देश ही नही बल्कि पूरा विश्व आतंकवाद, आपसी कलह, आर्थिक तंगी अंधविस्वास से जूझ रहा है इससे बाहर निकलने का मात्र एक ही रास्ता है वो है तथागत बुद्ध का मार्ग, तथागत बुद्ध ने कहा है कि यदि दुःख है तो उसका कारण है, कारण है तो निवारण है और निवारण का मार्ग है परंतु उस मार्ग पर हम सभी को चलना होगा। तथागत बुद्ध के विचारों को यदि हर ब्यक्ति आत्मसात कर ले तो पूरे विश्व मे अमनचौन शांति एवं खुशहाली कायम हो जाएगी जिसके लिए तथागत बुद्ध के द्वारा दिया गया त्रिशरण पंचशील एवं अष्टांगिक मार्ग को ग्रहण करना होगा और उसको अमल में लाना होगा। पूरे विश्व मे तथागत बुद्ध का ही एक ऐसा मार्ग है जो वैज्ञानिक है व तर्क करने की खुली छूट देता है और बुद्ध कहते है कि यदि कोई भी बात जब तर्क की कसौटी पर खरी उतरे तभी माने किसी के कह देने से मानने की जरूरत नही है। जहाँ तक भारतीय लोकतंत्र में जातीय जनगणना का सवाल है पहले हम लोगो को यह समझना होगा कि भारत का सम्बिधान तथागत बुद्ध की विचारधारा एव सम्राट अशोक के शासनपर आधारित सम्बिधान है



बाबा साहब ने जो सम्बिधान देशवासियो को दिया है वह सम्बिधान सबको बराबरी का अधिकार एव बराबरी का सम्मान देता है जिस वोट से सरकार बनती है और वह सरकार आपकी एव आपकी आनेवाली पीढ़ियों का भाग्य विधाता होती है और उस सरकार को भी बनाने में जो वोट का महत्व है चाहे राजा का वोट हो अथवा किसान मजदूर गरीब का वोट हो सबके वोटकी कीमत एक बराबर होता है यह बाबा साहब की देन है। भारतीय सम्बिधान कहता है कि इस देश मे रहने वाले लोगो को संख्या के अनुपात में जीवन के प्रत्येक क्षेत्रो में प्रतिनिधित्व होना चाहिए परन्तु आजादी के बाद से चाहे जिसकी सरकारे बनी किसी ने इस काम को नही किया लेकिन हमारे वोट से बनी सरकार में पहुँचे लोग भारतीय सम्बिधान में सौ से ज्यादा संसोधन अपने फायदे के लिए किया है। इसलिए देश मे जाती जनगणना बहुत ही जरूरी है इस मंच के माध्यम से भी मै मांग करती हूँ कि सरकार जातीय जनगणना कराए और जिस जाती की जितनी संख्या है उस जाती को जीवन के प्रत्येक क्षेत्रो में संख्या के अनुपात में हिस्सेदारी सुनिश्चित कराया जाना चाहिए जिससे समाज के अंतिम ब्यक्ति के होठों पर मुस्कान दिख सके जब तक जातीय जनगणना नही होगा तब तक लोगो को उनका हक हिस्सा मिलना सम्भव नही है। अंत मे कहना चाहूंगी कि हमे साम्प्रदायिक होने की जरूरत नही है, धार्मिक उन्माद फैलाने की जरूरत भी नही है और ऐसा कार्य जो लोग चर्चा में बने रहने के लिए कर रहे है ऐसे लोगो के बहकावे में आने की जरूरत नही है इस तरह का कार्य करने वाले लोगो का देश समाज से कोई लेना देना नही होता है खुद के लिए एवं बेटे बेटी के लिए समाज को आग में झोकना चाहते है हमे ऐसा कोई गलत कार्य नही करना है की जो गैरकानूनी हो परन्तु इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि जिस विचारधारा को मानने वाला शासक होता वह विचारधारा मजबूत होती है और जिस विचारधारा को मानने वाला शासक नही होता है वह विचारधारा धीरे–धीरे लुप्त होती है। अंत मे कार्यक्रम आयोजक मंगला प्रसाद मौर्य ने बुद्ध महोत्सव में आए हुए लोगो के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। बुद्ध महोत्सव को जन अधिकार पार्टी के रीवा सम्भाग प्रभारी भागीरथी सिंह मौर्य, वाराणसी मण्डल प्रभारी सुमन्त सिंह मौर्य, जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य, जिला महामंत्री रविरंजनशाक्य, प्रदेश महासचिव महिला प्रकोष्ठ रानी सिंह, राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार पटेल, सपा नेता परमेश्वर यादव, बसपा नेता चुनमुन भारती, कांग्रेस नेता बाबूलाल पनिका, डॉ0 जे0 पी0 मौर्य, संकठा प्रसाद, इंद्रा बहादुर, जय प्रकाश मौर्य, कालीचरन ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में हजारों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय बहादुर सिंह एवं संचालन रविन्द्र कुशवाहा बीड़ी मौर्य व अनिल सिंह मौर्य ने किया।

## महाशिवरात्रि पर स्वयंसेवकों ने किया घोष वादन

### राबर्ट्सगंज के हाइडिल मैदान से प्रारंभ होकर दंडइत बाबा मंदिर परिसर में हुआ समापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से अखिल भारतीय



घोष दिवस शनिवार को महाशिवरात्रि के दिन मनाया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सोनभद्र के स्वयंसेवकों ने घोष दल का संचलन निकाला। जिला घोष प्रमुख तारकेश्वर सिंह के नेतृत्व में सर्वप्रथम स्वयंसेवकों ने शिवाजी शाखा पर उपस्थित होकर संघ प्रार्थना किया। तत्पश्चात सोनभद्र नगर का घोष पथ संचलन सोनभद्र नगर के हाइडिल मैदान से पूर्ण गणवेश मे प्रारंभ होकर दंडईत बाबा शिव मंदिर पर घोष वादन के साथ समाप्त हुआ। महामृत्युंजय शिव मंदिर पर पहुंचकर स्वयंसेवकों ने बाबा भोलेनाथ का दर्शन पूजन किया व लगभग 1 घंटे तक घोष का वादन लगातार चलता रहा। घोष पथ संचलन में सिर्फ घोष वादक शामिल थे। कार्यक्रम में सोनभद्र नगर व जिले के घोष वादकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जिला संघचालक हर्ष अग्रवाल, जिला प्रचारक सोनभद्र दीपक,सह जिला कार्यवाह पंकज पांडेय,सुरेश केशरी, महेश शुक्ला, कीर्तन सिंह, नीरज सिंह, रामलगन,अखिलेश,राजेंद्र, भीम सिंह, जे0बी0 सिंह, अनिल आदि मौजूद थे।

## देश के विकास में समाज के अंतिम व्यक्ति का भी अहम योगदान:आशु

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर चल रहे हैं कार्यक्रम हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत राबर्ट्सगंज विधानसभा के नगर राबर्ट्सगंज में काशीराम आवास के वार्ड नंबर 8 में स्थानीय लोगों के साथ मिलकर "हाथ से हाथ जोड़ो अभियान" के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व–अध्यक्षध्सांसद राहुल गांधी के विचारों को व उनके भारत जोड़ो यात्रा के अनुभव को लोगों के साथ साझा करते हुए, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) ने कहा कि मा0 राहुल गांधी ने अपने भारत जोड़ो यात्रा के संदेश में कहा कि उन्होंने इस यात्रा के दौरान सभी के बीच सभी के विचारों और उनके परेशानियों को यात्रा में चलते हुए सुना , उन्होंने कहा कि आज भारत गहरे आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है, युवा बेरोजगार है, महंगाई आसमान छू रही है, किसान कर्ज के बोझ के तले दबा है ,देश की सारी संपत्ति चंद उद्योग पतियों के कब्जे में है, आज भारत के लोगों को उनकी नौकरी जाने का डर है, उनकी आय कम होती जा रही है और उनके बेहतर भविष्य का जो सपना है वह टूटता जा रहा है, वर्तमान समय में देश के चारों ओर निराशा का माहौल है ये बाते राहुल गांधी ने अपने संदेश में कहीं हैं। उनके संदेश के साथ ही ￼￼￼ सदस्य आशु दुबे ने कहा कि "हाथ से हाथ जोड़ो अभियान" आम–जनमानस के हृदय में बसता जा रहा है इसका संदेश सीधे है कि हर व्यक्ति का ,दूसरे व्यक्ति से लगाव, हर–एक लोग एक–दूसरे का साथ सुख–दुख में हाथ पकड़कर चलनाध्खड़े रहना ये उसके आत्मशक्ति को भी बढ़ावा देता है और जब से हर व्यक्ति का हाथ एक–दूसरे से नहीं जुड़ेगा तब तक, हम, हमारा समाज, हमारा देश आगे की ओर नहीं बढ़ेगा। इसलिए "हाथ से हाथ जोड़ो अभियान" के तहत आम–जनमानस से मिलकर राहुल गांधी के संदेशों को उनके पास तक पहुंचाना है ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। स्थानीय लोगों के साथ मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में शंकरलाल भारती, अशर्फीलाल सोनकर, सतीश करवल,युवा कांग्रेस सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर सूरज वर्मा, अरुण सोनी, श्रीपद भारती, तुलसी सोनी, बिस्मिल्लाह भाई, सुरेश सोनकर, गुड्डू भाई, बुद्धू, मनदीप पटेल, गोविंद यादव, चुनमुन भारती, गणेश भारती, मोनू भारती, भारती, सुनसुन सेठ, मुन्ना भारती, कमलेश कन्नौजिया, रामधनी पासवान, उपस्थित रहे।



- हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत लगातार चल रहा कार्यक्रम
- 26 जनवरी से 25 मार्च तक चलेगा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान
- देश का नौजवान, किसान, व्यापारी के साथ अंतिम व्यक्ति की भूमिका देश के विकास में अहम

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## समता मूलक समाज के ध्येता थे संत शिरोमणि रविदास:कमलेश कुमार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद के ब्लाक नगवा के खलियारी में संत



शिरोमणि रविदास की जन्म जयंती मनाई गई इस मौके पर एक्शन एड फेलो कमलेश कुमार ने ने रविदास के जन्म और इनके द्वारा किए गए कार्यों और समाज में किया गए सार्थक प्रयास पर चर्चाएं हुई। तथा अपने समाज के शोषित, पीड़ित, वंचित समुदाय के लिए अनेकों कार्य किए जिसे आज भी समाज बहुत ही गंभीरता से याद करता है और आपके बताए रास्ते पर चलने का अथक प्रयास करता है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य नगवा विगन और डा बी आर अम्बेडकर के प्रबंधक विजय बहादुर जी ने भी रविदास द्वारा किया गया महान कार्यों का विस्तार से चर्चा व परिचर्चा किया।

## आईडी हैक कर जारी किया जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र

मिल्कीपुर–अयोध्या। विकासखंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत गोयडी की पोर्टल पर आईडी व पासवर्ड हैक कर किसी अज्ञात व्यक्ति ने बड़ी संख्या कूट रचित व फर्जी तरीके से वर्ष 2021–22 में जन्म प्रमाण पत्र तथा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर लिया है।ग्राम पंचायत के तत्कालीन सचिव रंजीत कुमार ने उच्च अधिकारियों समेत जिले के साइबर क्राइम थाने को लिखे शिकायती पत्र में आईडी हैक कर फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ विधिक कार्यवाही करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। सचिव ने बताया कि पोर्टल पर ग्राम पंचायत गोयडी की आईडी व पासवर्ड को हैक कर 3700 जन्म प्रमाण पत्र व 184 मृत्यु प्रमाण पत्र कुल मिलाकर 3884 प्रमाण पत्र किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कूट रचित जारी किया है जो की पूरी तरह से फर्जी है।जिसकी जांच कर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कराने की मांग किया है।सचिव ने शिकायती पत्र में जारी हुए फर्जी प्रमाण पत्रों की सूची व ग्राम प्रधान का प्रमाण पत्र भी उच्च अधिकारियों को संलग्न कर प्रेषित किया है।

## चिंतामणि महादेव के ज्योति स्वरूप शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न



दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल,सोनभद्र। केवटा गांव में आयोजित रुद्र महायज्ञ एवं शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ में शनिवार को काशी धर्म पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज के सानिध्य में काशी के विद्वानों द्वारा श्री चिंतामणि महादेव मंदिर में भगवान शिव के ज्योति स्वरूप शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई।इसके पूर्व घोरावल नगर, सिरसाई व केवटा गांव में शिवलिंग की शोभायात्रा निकाली गई। व्यासपीठ से श्री नारायणानंद महाराज ने कहा कि शिव पुराण का पाठ परम कल्याणकारी और सभी मनोकामनाएं पूर्ण करने वाला है। पाठ करने से मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं, निःसंतान लोगों को संतान की प्राप्ति हो जाती है। व्यक्ति के समस्त प्रकार के कष्ट और पाप नष्ट हो जाते हैं और जीवन के अंत में उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। शिवरात्रि का महत्व बताते हुए गुरुदेव ने कहा कि मान्यता है कि जो भी जातक महाशिवरात्रि का व्रत रखते हैं उन्हें नरक से मुक्ति मिलती है और आत्मा की शुद्धि होती है। इस दिन जहां–जहां भी शिवलिंग स्थापित है, उस स्थान पर भगवान शिव का स्वयं आगमन होता है। इसलिए शिव की पूजा के साथ शिवलिंग की विशेष आराधना करने की परंपरा है। शिवरात्रि पर्व पर कथा में आशीर्वाद लेने काशी से विद्वानों का कतार लगी रही।इस अवसर पर एडीएम नमामि गंगे आशुतोष द्विवेदी, पूर्व विधायक रमेशचंद्र दुबे, काशी से आए विद्वतजन डॉ. अशोक कुमार पांडेय, प्राचार्य श्री भागवत महाविद्यालय वाराणसी, रुक्मिणी मिश्रा, प्रो. रामनारायण द्विवेदी महामंत्री काशी विद्वत परिषद,लखन स्वरूप ब्रह्मचारी इत्यादि ने पादुका पूजन किया। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, शिशिर कुमार सिंह, विभा सिंह, हिमांशु कुमार सिंह, विनोद तिवारी, आलोक चौबे, नागेंद्र दुबे, अनिल कुमार दुबे, देवेश गोयल, हरि शुक्ला, मणि शुक्ला, विद्या प्रसाद दुबे, एसपी सिंह, मदन गोपाल सिंह, रमेश चंद्र पांडेय, रिंकू सिंह, उदित लाल अग्रहरी, आलोक अग्रहरी, बाल्मिकी मिश्रा, भगवान दास पटेल, रमेश कुमार पाठक, लाल जी पांडेय, अंशु सिंह इत्यादि रहे।

# दो बच्चों के बीच लड़ाई की वजह बन सकती हैं पेरेंट्स की ये गलतियां, रखें इनका ध्यान



जिस घर में दो बच्चे होते हैं वहां चहल–पहल बनी रहती हैं। दोनों बच्चों के बीच का प्यार तो आपको देखने को मिलता ही हैं, लेकिन इसी के साथ ही उनके बीच नोक–झोंक भी देखने को मिलती हैं। बचपन से लेकर टीनएजर तक भाई–बहनों के बीच अक्सर छोटी–छोटी बातों पर लड़ाइयां होना आम बात है। कई बार इसके पीछे का कारण पेरेंट्स की कुछ आदतें भी बनती हैं। वैसे तो सभी माता–पिता अपने बच्चों को बराबर का प्यार और स्नेह देते हैं। लेकिन कई बार अनजाने में कुछ चीजें ऐसी हो जाती हैं जिसकी वजह से बच्चों के मन में खिन्नता हो जाती हैं जो लड़ाई के रूप में देखने को मिलती हैं। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं पेरेंट्स की उन गलतियों के बारे में जिनपर ध्यान देना बहुत जरूरी हैं।

दूसरे बच्चे की खुशी में अति उत्साहित होना: किसी के घर जब दूसरे या तीसरे बच्चे का जन्म हो रहा होता है तो मां–बाप अपने बच्चों से कहते हैं कि वो बड़े भाई या बहन बनने जा रहे हैं। उन्हें लगता है कि इस खबर से जैसे वो खुश हैं वैसे ही उनके बच्चे भी होंगे जो गलत है। वास्तव में अगर बच्चा छोटा है तो वो इस स्थिति को ज्यादा समझ भी नहीं पाता। ऊपर से बच्चे के जन्म के बाद मां–बाप का प्यार और अटेंशन दो बच्चों में बंट जाता है। उनके पास बड़े बच्चे को देने के लिए ज्यादा समय भी नहीं होता। बच्चों की वजह से व्यस्तता भी बढ़ जाती है। इसके अलावा बड़े बच्चे के लिए अपना कमरा, चीजें और खिलौने शेयर करना भी अलग अनुभव होता है। मां–बाप इस स्थिति पर ज्यादा ध्यान नहीं देते लेकिन बच्चे के लिए ये काफी परेशान करने वाला है। ऐसे में माता–पिता को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उनके बच्चे के मन में अपने आने वाले भाई या बहन के लिए मनमुटाव ना हो।

भेदभाव करने से बचें: बच्चों की आपस में लड़ाई होने के बाद कुछ पेरेंट्स अक्सर किसी एक बच्चे का पक्ष ले लेते हैं। वहीं पेरेंट्स छोटे बच्चों की नादानियों को अवॉयड कर देते हैं और बड़े बच्चे को गलती करने पर फटकार लगाने से भी नहीं चूकते हैं। ऐसे में भाई बहन के बीच दूरियां आना स्वाभिवक होता है। इसलिए लड़ाई करने पर किसी एक बच्चे का पक्ष बिल्कुल न लें और दोनों बच्चों को उनकी गलती का एहसास करवाएं। दूसरे बच्चे के आने पर पहले को इग्नोर करना: मां–बाप के लिए ये उम्मीद करना गलत है कि नए बच्चे की खुशी को उनके बड़े भाई–बहन उसी तरह मनाएंगे जैसे वो मना रहे हैं। वास्तव में उनके लिए इस बात को दरकिनार करना काफी मुश्किल है कि अब उन्हें मां–बाप की पूरी अटेंशन नहीं मिलने वाली। छोटे बच्चे ये नहीं बता पाते कि वो क्यों नाराज हैं लेकिन उन्हें बखूबी ये बात चुभती है और वो गुस्सा कर, चीजें तोड़कर और रोकर अपनी नाराजगी जाहिर करते हैं। ऐसे में मां–बाप को खासतौर पर अपने पहले बच्चे की इस मनोदशा को समझना चाहिए और उनको बराबर तवज्जो देने की कोशिश करनी चाहिए।

शेयरिंग के लिए फोर्स न करें: घर में छोटा बच्चा आने के बाद बड़े बच्चों को अक्सर अपने खिलौने और खाने की चीजें अपने छोटे भाई या बहन के साथ शेयर करनी पड़ती है। जाहिर है बच्चे बड़ों की तरह मैच्योर नहीं होते हैं। वहीं कई बार बच्चे अपनी चीजें शेयर करने से इंकार भी कर देते हैं। ऐसे में बच्चों को चीजें शेयर करने के लिए फोर्स करने के बजाए प्यार से समझाएं।

बच्चों की लड़ाई में किसी एक का साथ देना: बच्चों में जब भी झगड़ा होता है तो इस स्थिति में मां–बाप को दोनों को प्यार से समझाना चाहिए। इस दौरान अगर एक बच्चे की गलती होती भी है तो उसे अलग से उसकी गलती बतानी चाहिए ना कि दूसरे बच्चे के सामने उसे डांटना या मारना चाहिए। बच्चों के अंदर भी आत्मसम्मान होता है और किसी दूसरे बच्चे के सामने डांट और मार का उन पर बहुत बुरा असर पड़ता है। वो शर्मिंदगी महसूस करते हैं। इससे उनके मन में दूसरे बच्चे और अपने मां–बाप के लिए भी नाराजगी पैदा होने लगती है। अक्सर मां–बाप जाने–अनजाने में अपने बच्चों में फर्क करने लगते हैं और लड़ाई–झगड़े में भी वो उसी का साथ देते हैं। हमेशा किसी एक बच्चे की तरफदारी करना गलत है।

एक बच्चे की दूसरे से तुलना करना: सभी बच्चों का व्यक्तित्व, तौर–तरीके, आदतें और व्यवहार अलग होता है। ऐसे में दोनों को एक–दूसरे से कम्पेयर करना ठीक नहीं है। कोई बच्चा बहुत शांत होता है तो कोई बहुत शैतान, अगर आप दोनों को एक–दूसरे की तरह बनने की सीख देंगे तो इसके उनके कोमल मन पर बुरा असर पड़ेगा। इस स्थिति में वो अपने भाई या बहन को खुद से बेहतर समझेंगे और उनसे ईर्ष्या करने लगेंगे। एक बच्चे को दूसरे का उदाहरण देना मां–बाप की बहुत बड़ी भूल होती है और ये वो अक्सर बच्चों के बड़े होने तक करते रहते हैं। लगातार मां–बाप की इस तुलना से बच्चे तंग हो जाते हैं और धीरे–धीरे उनके मन में अपने भाई और बहन के लिए खीझ पैदा होने लगती है।

## अनन्या पांडे विक्रमादित्य मोटवाने की साइबर–थ्रिलर फिल्म में निभाएंगी मुख्य भूमिका

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे एक साइबर–थ्रिलर फिल्म के लिए तैयार हैं। शीर्षक वाली फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता



विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा किया जा रहा है, जिन्हें लुटेरा, उड़ान, भावेश जोशी सुपरहीरो और एके बनाम एके जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। फिल्म के बारे में बात करते हुए अनन्या ने कहा, जब विक्रमादित्य मोटवानी ने इस कहानी के साथ मुझसे संपर्क किया, तो मुझे पता था कि मुझे इसका हिस्सा बनना है। एक फिल्म निर्माता के रूप में, जब तक मुझे याद है और मुझे लगता है, वह मेरी इच्छा सूची में रहे हैं। अपने करियर की शुरूआत में उनके साथ काम करने का मौका पाकर वाकई खुशकिस्मत हूं। विक्रमादित्य इस फिल्म के प्रमुख हैं, उन्होंने कहा, यह आधुनिक समय की अपील के साथ एक थ्रिलर है और हमारे समय के लिए बहुत प्रासंगिक है। अनन्या पांडे को इस भूमिका में देखना दिलचस्प होने वाला है। हाल ही में फ्लोर पर आई इस फिल्म का निर्माण वीरे दी वेडिंग फेम निखिल द्विवेदी कर रहे हैं, जो वेब सीरीज स्कैम 1992 रू द हर्षद मेहता स्टोरी में भी नजर आए थे। निखिल ने कहा, जब विक्रम ने निर्माण करने के लिए मेरे साथ स्क्रिप्ट साझा की, तो यह सबसे दिलचस्प कंटेंट में से एक थी, जिन पर मैंने हाल के दिनों में काम किया था और मैंने कुछ ही घंटों में इसमें भाग लेने का फैसला किया। अनन्या एक प्रशंसनीय कलाकार हैं। मैं उत्साहित हूं कि वह फिल्म में है। फिल्म को स्टार्ट टू फिनिश शेड्यूल में शूट किया जाएगा।




## ब्रह्मा मिश्रा के बाद अब मिर्जापुर के एक और अभिनेता ने दुनिया को कहा अलविदा, Heart Attack ने ली जान



बॉलीवुड की मोस्ट पॉपुलर वेब सीरीज मिर्जापुर में काम कर चुके अभिनेता शाहनवाज प्रधान अब इस दुनिया में नहीं रहे। शुक्रवार शाम को दिल का दौरा पड़ने की वजह से उनका निधन हो गया। अभिनेता यशपाल शर्मा ने शाहनवाज प्रधान के निधन की पुष्टि की है। बता दें, शाहनवाज प्रधान ने मिर्जापुर में गुड्डू भैया के ससुर का किरदार निभाया था। शाहनवाज प्रधान शुक्रवार शाम मुंबई में एक पुरस्कार समारोह अटेंड कर रहे थे, इस दौरान उन्होंने सीने में तेज दर्द की शिकायत की और बेहोश हो गए। दिल का दौरा पड़ने के बाद अभिनेता को अस्पताल ले जाया गया जहाँ उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शाहनवाज के निधन पर मिर्जापुर की स्टार कास्ट और उनके अन्य दोस्तों ने दुख प्रकट किया है। शाहनवाज प्रधान को जिस वक्त दिल का दौरा पड़ा उस दौरान उनके खास दोस्त और अभिनेता यशपाल शर्मा भी वहां मौजूद थे। यशपाल ने ही सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये शाहनवाज के निधन की पुष्टि की है। अभिनेता ने अपने पोस्ट में लिखा, श्आज मुम्बई में ये प्रोग्राम अटेंड किया ३बड़ा अच्छा चल रहा था सब ३ त्पक्र क्पउम क्ततमसस जी का और सैंकड़ों कलाकार मौजूद थे लेकिन बीच में ही अवार्ड लेने के थोड़ी देर बाद हमारे प्रिय कलाकार शाहनवाज को कुछ अटैक आया ३ सारा प्रोग्राम रुक गया सब लोगों और डॉक्टर की हेल्प से उन्हें जल्दी उठा कर नीचे गाड़ी में बैठा कर कोकिला बेन हॉस्पिटल जो सबसे नजदीक था ले जाया गया लेकिन कोई उन्हें बचा नहीं सका वो चले गए ३. ये है हमारी जिंदगी का कड़वा सत्य ३. इंसान किन घमण्डों में जीता है और जीवन क्या है ३३. खध्र्र प्रोग्राम ठीक से खघ्त्म हुआ पर एक जीवन चला गया ३.. इतने सारे कलाकार एक जगह इकट्ठा थे और हमारी आँखों के सामने एक जीवन खघ्त्म हो गया ३. कुछ खघली खघली सा लग रहा है ३. रीटा की को सलाम इतने लोग एक जगह मिले पर एक इंसान चला गया ये दुःख जिंदगी भर सालता रहेगा ३. भगवान उनकी आत्मा को शांति दे और परिवार को हिम्मत दे ३।श यशपाल शर्मा के अलावा प्रधान के साथ काम कर चुके अभिनेता राजेश तैलंग ने ट्वीट कर अभिनेता को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा, श्शाहनवाज भाई आखिरी सलाम!!! क्या गजब के जहीन इंसान और कितने बेहतर अदाकर थे आप । मिर्जापुर के दौरन कितना सुंदर वक्त गुजरा आपके साथ, यकीन नहीं हो रहा। शाहनवाज प्रधान का फिल्मी करियर काफी लंबा, जिसमें उन्होंने कई फिल्मों, शो और वेब सीरीज में काम किया है। फिल्मों की बात करें तो अभिनेता एम एस धोनीरूद अनटोल्ड स्टोरी, खुदा हाफिज, रईस और फैंटम में नजर आ चुके हैं। वहीं वेब सीरीज की बात करें तो शाहनवाज ने मिर्जापुर, द फेमिली मैन और होस्टेजेस में नजर आ चुके हैं।

## बड़े मियां छोटे मियां के सेट पर टाइगर श्रॉफ का नया वार्म अप

लग्जरी कारों के आराम को छोड़कर एक्शन स्टार टाइगर



श्रॉफ ने अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के सेट पर पहुंचने का एक नया तरीका चुना है। टाइगर ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह बड़े मियां छोटे मियां के सेट पर जाते समय अपनी स्केट्स में तेज गति से लुढ़कते हुए देखे जा सकते हैं। कैप्शन को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, आज समय पर काम पर पहुंच गए और हमारे इंट्रो एक्शन सीक्वेंस के लिए वार्मअप हो गया। बड़े मियां छोटे मियां अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित है और अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन विलेन के रूप में नजर आएंगे। फिल्म, जो एक एक्शन फ्रेंचाइजी की शुरूआत होगी, अमिताभ बच्चन और गोविंदा की 1998 की हिट फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की रिमेक है, जिसे डेविड धवन ने निर्देशित किया था। वाशु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट ने बड़े मियां छोटे मियां को आज फिल्म के सहयोग से पेश किया। फिल्म अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित है और वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित है।

## जेट लैग क्यों होता है और इससे बचने के क्या तरीके हैं?



सभी देशों का टाइम जोन अलग–अलग होता है, यानी जब भारत में सुबह होती है तो कहीं पर रात का वक्त होता है। ऐसे में हवाई यात्रा करके जब हम एक टाइम जोन के देश से दूसरे टाइम जोन वाले देश जाते हैं तो जेट लैग हो जाता है। इसकी वजह से बॉयोलॉजिकल बॉडी क्लॉक बिगड़ जाती है और नींद और थकान जैसी समस्याओं से गुजरना पड़ता है। आइए आज जेट लैग से राहत पाने के पांच टिप्स जानते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, यात्रियों को अपनी यात्रा से कुछ दिन पहले अपनी नींद की आदत को भी बदलना चाहिए। इसका मतलब है कि पश्चिमी देशों की यात्रा करने से पहले सामान्य से कुछ घंटे बाद सोना चाहिए और अगर पूर्वी देशों की ओर जाना है तो जल्दी सो जाना चाहिए। इसके अलावा यात्रा के दौरान आपके नए गंतव्य पर रात भी हो सकती है, इसलिए आपका उसी समय सो जाना ठीक होगा।

सूरज की रोशनी के संपर्क में ज्यादा रहें

जेट लैग आपको नींद से भरा और थका हुआ बना सकता है, जिससे आपकी ऊर्जा का स्तर गिर सकता है। हालांकि, जैसे–जैसे आप सूरज के संपर्क में ज्यादा आने लगते हैं, वैसे–वैसे आपके शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ जाता है और मेलाटोनिन नामक हार्मोन, जो नींद का कारण बनता है, उसका स्राव कम होने लगता है। यदि आपको अपने नए टाइम जोन में देर तक जागना है तो आप सूरज की रोशनी में देर तक जरूर रहें।

शराब और कैफीन युक्त पेय पदार्थों से दूर रहें

जेट लैग समय पर सोने और उठने की प्राकृतिक क्षमता जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। इस वजह से इन समस्याओं को कम करने के लिए किसी दूसरे गंतव्य पर पहुंचने पर शराब या कैफीन युक्त पेय पदार्थों का सेवन करने से बचें। ये स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हैं, इसलिए इनसे दूरी बनाना उचित है। ये दोनों नींद चक्र को बाधित कर सकते हैं, जिससे आपके लिए नए टाइम जोन के साथ तालमेल बैठाना मुश्किल हो जाता है।

यात्रा के दौरान पर्याप्त पानी पीएं

बहुत से लोग यात्रा के दौरान पानी का सेवन कम कर देते हैं, ताकि उन्हें बार–बार बाथरूम न जाना पड़े। इसकी वजह से शरीर अतिरिक्त थकान का अनुभव करता है, जो जेट लैग के लक्षणों को बढ़ा सकता है। इससे बचाव के लिए लंबी दूरी की यात्रा के दौरान पर्याप्त पानी पीते रहें और खुद को हाइड्रेटेड रखें। यह जेट लैग के कारण होने वाली कई समस्याओं से राहत दिलाने में कारगर है।

सही समय पर खाना खाएं

जब भी आप किसी अलग टाइम जोन वाले देश में यात्रा कर रहे हों तो खाना खाने के लिए सही समय तय करना जरूरी होता है। इसके लिए अपने गंतव्य के समय की जांच करें और उसके अनुसार ही खाना खाने का समय बनाएं। इसके साथ ही ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करें, जो यात्रा के दौरान आपके पाचन या स्वास्थ्य पर कोई नकारात्मक प्रभाव न डालें। इसके अलावा हवाई यात्रा से पहले इन खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें।